राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 265, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 08 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

सफदरजंग अस्पताल के पीएमआर विभाग ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया .... पेज 03

अमृत और घर घर नल से जल योजना के बावजूद विंध्य क्षेत्र में पेयजल संकट .... पेज 05

मोहम्मडन एससी ने शिलांग लाजोंग एफसी को हराकर जीता आई-लीग खिताब .... पेज 07

## एमपी-बिहार समेत 14 राज्यों में हल्की बारिश हुई

### 8 राज्यों में हीटवेव; लद्दाख में सेना ने बर्फबारी में फंसे 80 लोगों को बचाया

नई दिल्ली। देश के 14 राज्यों में रविवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मध्य प्रदेश में देर शाम करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई।



इसके अलावा इसके 8 राज्यों गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहा। इन राज्यों का तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी 7 से 10 अप्रैल तक ओले-बारिश का दौर रहेगा। 30 से 60 Kmph तक की रफ्तार में आंधी चलने का अनुमान है। बिहार में आज लू नहीं चलेगी। यहां के 16 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई है।

उधर, लद्दाख के चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 80 लोगों को सेना ने बचाया। सेना के लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने कहा कि आधी रात के ऑपरेशन को त्रिशूल डिवीजन के सैनिकों ने अंजाम दिया। लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में यह ऑपरेशन चलाया गया।

मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मौसम के अनुमान को और बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है।अगले पांच साल के भीतर,ढ्ढ हमारे मॉडल और तकनीक में काफी सुधार करेगा।

फोटो पुरस्कार



जालंधर के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों ने एमएसपी की मांग को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

## हिमालय की 188 ग्लेशियर झीलों से खतरा

### भूकंप में फूट सकती हैं; 6 राज्यों में तीन करोड़ की आबादी पर संकट

नई दिल्ली/देहरादून। ग्लोबल वॉर्मिंग से हिमालय की ग्लेशियर झीलों पर खतरा बढ़ रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण ये झीलें साल दर साल पिघल रही हैं। कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की 28,043 ग्लेशियर झीलों में से 188 झीलें कभी भी तबाही का बड़ा कारण बन सकती हैं। इससे लगभग तीन करोड़ की आबादी पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के डिजास्टर मैनेजमेंट डिवीजन और हिमालय पर्यावरण एक्सपर्ट की टीम द्वारा एक साल तक किए गए अध्ययन के बाद ये तथ्य सामने आए हैं। सबसे ज्यादा खतरे में पूर्वोत्तर की झीलें हैं। इनमें सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की 129 झीलें हैं। जबकि लद्दाख और कश्मीर की 26, उत्तराखंड की 13 और हिमाचल प्रदेश की 20 झीलों पर भी खतरा है। टीम ने सभी ग्लेशियर झीलों को जोखिम के आधार पर A-B-C-D कैटेगरी में बांटा था। ए कैटेगरी में अति संवेदनशील 188 झीलों को रखा गया। यहां पर ग्लेशियर के सबसे ज्यादा खिसकने और पिघलने का बेहद खतरनाक ट्रेंड दर्ज किया गया। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण 1.5 डिग्री पारा बढ़ने से हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर के पिघलने की रफ्तार 15 प्रतिशत तक बढ़ रही है। भूकंप अथवा अन्य कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में इन ग्लेशियर झीलों के फटने से बड़ी मात्रा में अचानक पानी का बहाव होगा, इससे आसपास के इलाकों में बड़ी तबाही की आशंका है।

विरोध प्रदर्शन



भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज और कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## आप नेताओं का सामूहिक उपवास

### जंतर-मंतर पर जुटे दिल्ली के मंत्री; भाजपा ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार का मॉडल दिखाया









नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास शुरू किया। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह उपवास के लिए पहुंचे।

आम आदमी पार्टी की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। उन्हें ईडी ने झूठे मुकदमे में फंसाया है। पार्टी ने एक्स पर पोस्ट में कहा- तानाशाही के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आओ मिलकर देश के बेटे के लिए आवाज उठाएं।

इससे पहले आप ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था। दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ता पीएम आवास का घेराव करने भी निकले थे, लेकिन उन्हें रास्ते में रोककर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी नेताओं ने शराब से शीश महल अभियान के तहत आप के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने केजरीवाल के घर का मॉडल रखा और कहा कि ये दिल्ली के सीएम के भ्रष्टाचार का मॉडल है। इसके अलावा पार्टी ने शराब के बोतल के एक कटआउट पर संजय सिंह की तस्वीर दिखाकर प्रदर्शन किया।

#### संजय सिंह बोले- साजिश के तहत मुझे फंसाया गया

आप सांसद संजय सिंह ने कहा- साजिश के तहत आप को खत्म करने के उद्देश्य से उन्हें फंसाया गया है। शराब घोटाला तो भाजपा ने किया है, शरद रेड्डी से 55 करोड़ की रिश्वत उनके गिरफ्तार होने के बाद ली गई।

#### गोपाल राय बोले- केजरीवाल की गिरफ्तारी से देशभर में आक्रोश

दिल्ली के मंत्री गोपाल राय बोले- जब से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ्तारी हुई है। तब से पूरे देश में इसके खिलाफ आक्रोश है। 21 मार्च गिरफ्तारी वाले दिन से लेकर अभी तक लोग सड़कों पर हैं, अपनी गिरफ्तारियां दे रहे हैं। आज भी देश और पूरी दुनिया में लोग अरविंद केजरीवाल जी के लिए सामूहिक उपवास रख रहे हैं।

#### 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली के कथित शराब घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। ईडी ने केजरीवाल को 9 समन भेजा था। वे एक भी समन पर पेश नहीं हुए। इस दौरान ईडी और केजरीवाल दोनों समन को लेकर कोर्ट पहुंचे थे। ईडी ने केजरीवाल को 17 मार्च को 9वां समन भेजा था। केजरीवाल 19 मार्च को समन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। उनकी याचिका पर 20 मार्च को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने बार-बार समन भेजने को लेकर ईडी को तलब किया। केजरीवाल ने कोर्ट से ये भरोसा मांगा था कि अगर वे पूछताछ के लिए ईडी जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है। कोर्ट के फैसले के बाद इसी दिन शाम को ईडी केजरीवाल के घर पहुंची और करीब 2 घंटे की पूछताछ के बाद रात को गिरफ्तार कर लिया।

#### केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूरे देश में गुस्सा

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा- अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूरे देश में गुस्सा है। लोग पूछ रहे हैं कि केजरीवाल कब बाहर आएंगे... केजरीवाल को लोग अपना बेटा और भाई मानते हैं... भाजपा की ED-CBI एक रूपए का भी भ्रष्टाचार का पैसा आप के नाता के पास दिखा नहीं पाए हैं... भाजपा को 55 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया अभी तक उसमें समन क्यों नहीं भेजा गया ?

## बंगाल के मेदिनीपुर में एनआईए टीम पर एफआईआर

### गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी से मारपीट-बदतमीजी का आरोप; लोगों ने अफसरों पर हमला किया था

कोलकाता, 07 अप्रैल (वार्ता) पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के पास भूपतिनगर पुलिस थाने में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नेताओं के रिश्तेदारों ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के खिलाफ कथित छेड़छाड़ की एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

दिसंबर 2022 विस्फोट मामले में कथित आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी एजेंसी द्वारा छापेमारी के बाद आईपीसी की धारा 154 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और महिलाओं की भीड़ ने एजेंसी की ड्यूटी कार में तोड़फोड़ की।

वर्ष 2022 के 22 दिसंबर को हुये विस्फोट में एक टीएमसी नेता सहित तीन लोग मारे गए थे।

एनआईए पर हमला सुबह करीब 6.10 बजे के आसपास हुआ जब आतंकवाद विरोधी एजेंसी आरोपी मोनोब्रत जना और बलाई चंद्र मैती दो स्थानीय टीएमसी नेताओं के साथ लौट रही थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एनआईए इस मामले की जांच कर रही है।

एनआईए ने आरोप लगाया कि विस्फोट में शामिल आरोपियों को समन भेजे जाने पर भी जांच के लिये कार्यालय नहीं पहुंचे इसलिए छापेमारी की गई। पूर्वी मिदनापुर जिला पुलिस ने भी एक प्राथमिकी दर्ज की और एनआईए पर हमले की जांच शुरू की।

एनआईए पर हमले के मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।




इस बीच, टीएमसी महासचिव और पार्टी के डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया, आईएनए और बंगाल के भाजपा के बीच गठबंधन हुआ है जिसमें तृणमूल नेताओं के खिलाफ साजिश रची जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में एंबुलेंस से 2.25 करोड़ का गांजा जब्त

### 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, बोले- पहली बार पकड़े गए; 3 राज्यों की नंबर प्लेट मिली

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा में पुलिस ने 752 किलो गांजा के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत 2.25 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी एंबुलेंस में गांजा छिपाकर ले जा रहे थे। मामला भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र का है।

एसपी सदानंद कुमार ने रविवार को बताया कि सूचना मिली थी कि एंबुलेंस से गांजा तस्करी की जा रही है। ये एंबुलेंस सुबह करीब 10 बजे सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से बलौदाबाजार की ओर आ रही है। इस



पर पुलिस ने पटपर चौक पेट्रोल पंप के पास नाकेबंदी की और एंबुलेंस को रुकवा लिया।

#### तीन अलग-अलग राज्यों की नंबर प्लेट मिली

तलाशी के दौरान एंबुलेंस से 24 प्लास्टिक की बोरी में गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने 15 लाख कीमत की एंबुलेंस, 50 हजार रुपए सहित 2 करोड़ 41 लाख 10 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। एसपी ने बताया कि,एंबुलेंस से अलग-अलग तीन राज्यों की नंबर प्लेट भी बरामद हुई है।

गिरफ्तार आरोपियों में दुर्ग के कुम्हारी निवासी सागर चौहान और यूपी के मिर्जापुर निवासी वकील कुमार गौतम है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पहली बार वे पकड़े गए हैं। वो गांजा ओडिशा से लेकर मध्य प्रदेश जा रहे थे।

## चार जून के बाद बंगाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी : मोदी

जलपाईगुड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और आश्वासन दिया गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा।

मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं,वे उन्हें (गरीबों को) लौटाये जायेंगे। उन्होंने कहा,गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा।



जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जायेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जब्त की गई 3000 करोड़ रुपये की संपत्ति को वापस कर दिया जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एकतरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है।

उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए 24 गुणा सात काम कर रहे हैं और लक्ष्य हासिल होने तक प्रयास जारी रहेंगे। श्री मोदी ने कहा,हमारे विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। मैं 2047 के लिए 24 गुणा सात काम कर रहा हूं।

जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा, हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं।

बड़ा हादसा

### 4 के शव निकाले, एक लापता; एसडीआरएफ ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

## बाराबंकी : घाघरा में 4 बच्चे डूबे, बचाने में किसान भी डूबा

बाराबंकी। बाराबंकी में शनिवार को घाघरा नदी में नहाते समय 4 बच्चों समेत 5 लोग डूब गए। 4 के शव निकाले गए। एक की तलाश में फ्लड यूनिट और एसडीअरएफ की टीम ने देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन उनका पता नहीं चला।

रविवार सुबह 6 बजे फिर फ्लड यूनिट और एसडीआरएफ की टीम घाट पर पहुंची। 5 टीम ने 2 किलोमीटर की रेंज में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। दोपहर तक लापता दोनों में किसी का पता नहीं चला है। वहीं, मौके पर परिजनों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण और पुलिस के जवान मौजूद हैं।



पुलिस ने दोपहर में चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए लेकर मॉर्च्युरी पहुंची। जहां तीन बच्चों समेत एक युवक के शव का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।

#### चारों बच्चे आपस में रिश्तेदार

चारों बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। वहीं एक युवक बच्चों को बचाने में डूब गया।

घटना के बाद वहां चीख-पुकार मच गई। नदी किनारे लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों और गोताखार बच्चों को बचाने में नदी में कूद पड़े।

कुछ देर में डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह समेत कई अफसर वहां पहुंचे।

परिजन वहां आए तो घाट पर मातम छा गया। महिलाएं चीखने-चिल्लाने लगीं। पुलिसकर्मियों और साथ आए लोगों ने उन्हें संभाला। हादसा थाना राम सनेही घाट के चिर्रा गांव में हुआ है।

#### मृतकों के परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता

डीएम ने बताया कि पांच लोग नदी में डूबे थे। सूचना पर फ्लड यूनिट और एसडीआरएफ की टीम को लगाया गया था। शाम तक तीन शव बरामद हो गए हैं। अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया। मृतकों के परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने तैयार की 100 बदमाशों की सूची

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कठुआ गोलीबारी में एक उप निरीक्षक के शहीद होने और एक बदमाश के मारे जाने के कुछ दिनों बाद पिछले 15 वर्षों में विभिन्न जिलों से सक्रिय 100 से अधिक बदमाशों की सूची तैयार की है। पुलिस विभाग के सूत्रों ने बताया कि कठुआ गोलीबारी के बाद पुलिस ने पहली सूची तैयार की है, जिसमें 116 सक्रिय गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात अपराधियों के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा, पंजाब, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से पुलिस और बदमाशों के बीच गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही थीं। कठुआ गोलीबारी ने पुलिस को सतर्क कर दिया है और कुख्यात अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि जम्मू जिले में 48 सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों की पहचान की गई है। इसके बाद कठुआ में 38 और सांबा जिलों में 30 सक्रिय हिस्ट्रीशीटर हैं। सूत्रों ने कहा, पहचाने गये अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए 17 सूत्री एजेंडे पर काम किया जा रहा है, जिनमें से कुछ को हिरासत में भी लिया गया है। सूत्रों ने कहा कि इन बदमाशों को हथियारों की आपूर्ति पड़ोसी राज्य पंजाब से की जा रही है, जहां पाकिस्तान से अवैध हथियारों की ड्रोन के माध्यम से तस्करी की जा रही है।

### प्रत्याशियों के ऐलान के बाद भाजपा प्रचार में भी आगे, बैठकों तक सीमित कांग्रेस

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी सभी सीटों पर टिकटों के आवंटन में उलझी है और उनके नेता चुनावी तैयारियों की बैठकों तक ही सीमित रह गए हैं। राज्य के चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनावी रण में उतरने से मंडी हॉट सीट बन गई है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कंगना का तूफानी चुनाव प्रचार देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उनके चुनाव प्रचाकर का जिम्मा संभाले हुए हैं। प्रदेश भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों की बैठकों तक सीमित रह गई है। कांग्रेस अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार से दूर महज बैठकों में ही उलझे हुए हैं। प्रदेश में बेशक लोकसभा चुनाव आखिरी चरण में पहली जून को होने हैं, जिसके लिए अभी दो माह का समय है। लेकिन भाजपा ने चुनावी रण में अपने दिग्गजों को उतार कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है।

### मुस्लिम महिलाओं को ईद पर एचआरटीसी बसों में मिलेगी मुफ्त यात्रा

शिमला/ नाहन। हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने ईद के मौके पर मुस्लिम महिलाओं को निशुल्क बस यात्रा के ऐलान किया है। ये सुविधा ईद के दिन सुबह पांच बजे से शाम सात बजे तक उपलब्ध होगी। निगम ने कहा है कि यह सुविधा सूर्योदय से सूर्यास्त तक रहेगी। मुफ्त बस यात्रा की सुविधा केवल प्रदेश के भीतर ही मिलेगी। राज्य से बाहर जाने पर किराया चुकाना होगा। गौरतलब है कि वैसे तो ईद का पर्व चांद दिखने पर निर्भर करता है लेकिन सरकार ने 11 अप्रैल को ईद की छुट्टी घोषित की हुई है। निगम के मुताबिक राज्य में करवा चौथ व रक्षाबंधन के अवसर पर भी महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा रहती है, लेकिन इस बार भी मुस्लिम महिलाओं को यह सुविधा देने का फैसला हुआ है। वर्ष 2021 में भी महिलाओं को ऐसी सुविधा मिली थी। सुविधा हासिल करने के लिए महिलाओं को आधार कार्ड या अन्य आईडी प्रूफ रखना होगा। जानकारी के मुताबिक निगम के प्रबंध निदेशक के स्तर पर शनिवार को आदेश जारी हुए है। रविवार का अवकाश होने की वजह से क्षेत्रीय प्रबंधक के स्तर पर सोमवार को कार्रवाई की जाएगी। उधर, अंजुमन इस्लामिया नाहन के अध्यक्ष बॉबी अहमद ने मुस्लिम महिलाओं को निशुल्क बस सुविधा देने पर निगम प्रबंधन का आभार जताया है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश को पीछे धकेलने का एजेंडा

हमीरपुर। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश को पीछे ढकेलने का आरोप लगाते हुए महिलाओं के प्रति कांग्रेसी नेताओं के अभद्र बयानों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। ठाकुर ने ऊना के बसदेहरा व सलोह में एससी मोर्चा के सम्मेलनों को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाये। विपक्ष पर केंद्र सरकार दबाव बनाकर राजनीति करने के सवाल पर हमीरपुर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली आम आदमी पार्टी के कट्टर बेईमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लाखों करोड़ के शराब घोटाले में जेल में हैं। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि दिल्ली की सरकार के उपमुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री शराब के लाखों करोड़ रुपए के घोटाले के मामलों में संलिप्त पाए जाने की सूरत में जेल की सलाखों के पीछे है। ठाकुर ने कहा,'' भाजपा जहां एक तरफ़ विकास की बात करती है तो वहीं कांग्रेस सदा ही देश को पीछे ले जाने की सोच रखती है। हाल ही में जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश को पीछे ले जाने का इनका एजेंडा फिर से देखने को मिला। आज की कांग्रेस है उसके पास न तो देश हित की नीतियां हैं और न ही देश के निर्माण का विजन इनके पास है।

### 20 लाख फिरौती मांगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हिसार। हरियाणा में हिसार के डीसीएम रोड पर स्थित एक दवाइयों की दुकान के मालिक से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने की पाँच दिन पहले घटी घटना के संदर्भ में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हिसार पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपियों की शिनाख्त विकास उर्फ चोटी (27) और समीर उर्फ मोटा मुल्ला (21) के रुप में हुई है। हांडा ने बताया कि इन आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ योजना बना कर 2 अप्रैल की शाम को करीब 7.40 बजे पर श्री गणेश मेडिकल हाल नामक दुकान के मालिक सचिन को एक पर्ची देकर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी और डराने के इरादे से दुकान के सामने हवाई फायर किए थे। पुलिस के अनुसार दोनों ने बाद में 12 क्वार्टर रोड पर स्थित एक डेयरी पर बैठी डेयरी संचालिका से भी पिस्तौल के बल पर पांच लाख की फिरौती की मांग की थी और ईंट मारकर फरार हो गए थे। दोनों घटनाएं सीसीटीवी में कैद हो गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीआईए,स्पेशल स्टाफ सहित पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों बचने के लिए इस दौरान लगातार ठिकाने बदलते रहे थे लेकिन आखिरकार पुलिस ने उन्हें थाम ही लिया। दोनों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### विधायकों को उकसाकर प्रतिभा व विक्रमादित्य ने लिया यू-टर्न : जयराम ठाकुर

मंडी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का कहना है कि कांग्रेस के बागी विधायकों को उकसाने में कांग्रेस नेता प्रतिभा सिंह और मंत्री विक्रमादित्य सिंह की भूमिका अहम थी लेकिन विधायकों को उकसाने के बाद खुद दोनों ने यू-टर्न ले लिया। ठाकुर ने यह बात रविवार को मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूछे गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि प्रतिभा और श्री विक्रमादित्य सिंह की भूमिका के बारे में वे कभी बाद में और विस्तार से बात करेंगे। लेकिन दोनों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और अपनी ही सरकार के बारे में जो कुछ कहा उसी से विधायक आक्रोशित हुए। उन्होंने कहा कि अब श्री सिंह को पलटू राम के नहीं बल्कि 'पल पल पलटूराम' के नाम से पहचाना जाने लगा है। वह अपने हर बयान से पलट जाते हैं। यदि वह चुनावी मैदान में उतरते हैं तो फिर विस्तार से बातें होंगी। ठाकुर ने कांग्रेस की तरफ से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ बीफ को लेकर की जा रही टिप्पणियों पर बोलते हुए कहा कि इस विषय पर कंगना पहले ही स्पष्टीकरण दे चुकी हैं। पर कांग्रेस इसका दुष्प्रचार करने में जुटी हुई है। पार्टी ने सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ही कंगना को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया है जो कि कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कांग्रेस इसे इसी तरह मुद्दा बनाती रही तो फिर इसकी चुनाव आयोग में शिकायत की जाएगी।

# रेस्टोरेंट में बेंची जा रही थी अवैध शराब

## आबकारी विभाग और पुलिस ने मारा छापा, रेस्टोरेंट मैनेजर समेत चार गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** लोकसभा चुनाव में शराब की अवैध बिक्री और ट्रांसपोर्टेशन कर लेकर आबकारी विभाग एक्शन में है और लगातार छापेमारी कर रहा है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग और थाना 126 पुलिस ने एक इनपुट के आधार पर ग्राम रोहिल्लापुर सैक्टर-132 में बिना लाइसेंस और पुराने लाइसेंस में छेड़छाड़ कर रेस्टोरेंट में शराब पिलाने वाले मैनेजर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।



इनके कब्जे से छेड़छाड़ कर बनाये गये फर्जी लाइसेंस और 55 बोतल शराब की बरामद की गई है। नोएडा के सेक्टर-132 स्थित गांव रोहिल्लापुर नोएडा स्थित बुराश रेस्टोरेन्ट में परोसी जा रही अवैध शराब की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग और थाना 126 पुलिस ने देर रात संयुक्त रूप से छापा मारकर रेस्टोरेन्ट के मैनेजर आलोक झा, धर्मवीर कुमार सोनू और मणिपुर निवासी थांगलेनहाऊ चोंगलोई को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से पुराने लाइसेंस में छेड़छाड़ कर एफ11 लाइसेन्स को असली के रूप में दर्शाकर अधिक मुनाफा कमाने हेतु बिना वैध लाइसेंस के रेस्टोरेन्ट में शराब का सेवन कराया जा रहा था। रेस्टोरेंट की तलाशी लेने पर काउंटर के पास नीचे एक प्लास्टिक के कट्टे में 26 बोतल कोरोना एक्स्ट्रा प्रीमियम बीयर 330 एमएल 25 बोतल बीरा व्हाइट बीयर 330 एमएल फार सेल इन उत्तर प्रदेश ओनली, जैकब क्रिक व्हाइट वाइन 750 एमएल की एक सीलबंद और आधी भरी हुई बोतल और सुला ब्रांड की रेड वाइन 750 एमएल की एक सीलबंद और आधी भरी हुई बोतल बरामद किया गया।

### 2 बोतल बीयर नमूना के लिए सील

बरामद शराब के बारे में पूछा गया तो काउंटर पर बैठे व्यक्ति द्वारा ये बताया गया कि हम इसको बेच कर मुनाफा कमाते हैं। बरामद 26 बोतल कोरोना एक्स्ट्रा प्रीमियम बीयर में से तीव्रता परीक्षण हेतु रेंडमली आधार पर 2 बोतल बीयर को बतौर नमूना सील किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों व लाइसेंस पर अंकित प्रणव जैन (रेस्टोरेंट संचालक) के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता व आबाकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना सेक्टर 126 में अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया।

# नोएडा में कबाड़ से भरे ट्रक में लगी आग

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में बीच सड़क पर अचानक एक ट्रक आग का गोला बन गया। कबाड़ से भरे हुए ट्रक में अचानक से आग लग गई। आग लगने की वजह से जाम की स्थिति बन गई। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

नोएडा के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के अंतर्गत सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से कुछ दूरी पर रविवार दोपहर को एक हादसा हो गया। कबाड़ से भरा हुआ ट्रक कबाड़ को लेकर जा रहा था, लेकिन जैसे ही वह ट्रक सिटी सेंटर के पास पहुंचा तो अचानक से कबाड़ में आग लग गई। कुछ ही देर में उस कबाड़ में लगी आग में विकराल रूप ले लिया। इतनी देर में चालक ने ट्रक को भी सड़क पर ही छोड़ दिया और जैसे-तैसे कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी और स्थानीय पुलिस मौके में पहुंच गई और आग पर काबू पाया गया।

बीच सड़क पर ट्रक में आग लगने की वजह से चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल हो गया और जाम की स्थिति बन गई।

इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ भी जमा हो गई। हालांकि समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है हालांकि ट्रक में रखा हुआ कबाड़ जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### जेवर में बंधक बनाकर महिला से दुष्कर्म

जेवर। नोएडा के दनकौर में महिला को दो महीने तक बंधक बनाकर रखने और उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रेमी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर बुलाया था। पीड़िता वहां पहुंची तो उसे बंधक बना लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार रात को हत्या करने के लिए उसे क्षेत्र के सक्का गांव के जंगल में ले जाया गया। जहां वह गाड़ी से कूदकर एक घर में घुस गई। जिसके चलते उसकी जान बच सकी। ग्रामीणों की सूचना दिए जाने के बाद पुलिस महिला को कोतवाली ले आई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। गाजियाबाद की रहने वाली एक महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पति से नाराज होकर महिला अपने दो बच्चों और पति को छोड़कर अलग रह रही थी। कुछ समय पहले महिला की जान पहचान सोशल मीडिया के एक प्लेटफॉर्म के माध्यम से दनकौर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हो गई। युवक द्वारा महिला को शादी का झांसा दिया गया। जिसके बाद महिला उससे मिलने के लिए प्रेमी के गांव में ही पहुंच गई। आरोप है कि जहां वह दो महीने से उसे बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे रहा था। महिला ने आरोपी के चंगुल से छूटने की काफी कोशिश की, लेकिन कामयाब नही हो सकी। महिला का कहना है कि आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे जान से मारने के इरादे से कार में बिठाकर दनकौर क्षेत्र के सक्का गांव के जंगल में ले गया। महिला को अपनी गाड़ी में बिठाकर सक्का गांव के अंदर से गुजर रहे थे कि अचानक महिला चलती गाड़ी से कूद गई।

# मासूम से कुकर्म की कोशिश, आरोपी को उम्रकैद

## 2020 के मामले में फैसला, खाने का लालच देकर खेत पर ले गया था

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय ने एक मासूम बच्चे के साथ कुकर्म का प्रयास करने के आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मासूम द्वारा कुकर्म का विरोध करने पर आरोपी ने उसके मुंह में अपना प्राइवेट पार्ट डाल दिया था। आरोपी पर कोर्ट ने 81000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता पास्को एक्ट चवनपाल भाटी ने बताया कि नोएडा के एक्सप्रेस वे थाना क्षेत्र में 25 अक्टूबर 2020 को यह घटना घटित हुई थी। दरसअल आरोपी अमित उर्फ धर्मेंद्र उर्फ दुल्ला 25 अक्टूबर को शाम करीब 7: 00 बजे साइकिल लेकर जा




रहा था। इस दौरान उसे रास्ते मे एक 7 साल का मासूम बच्चा दिखा। इसके बाद आरोपी ने मासूम बच्चे को खाने की चीज देने का लालच दिया और साइकिल पर बैठाकर खेत में ले गया।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने मासूम बच्चे को खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया। बच्चे के विरोध करने पर आरोपी ने बच्चे के साथ में मारपीट की और उसके बाद पीड़ित के मुंह में अपना प्राइवेट पार्ट डाल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बच्चे को रास्ते में छोड़कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित द्वारा पूरी घटना अपने परिजनों को बताई गई। इसके बाद इस मामले में एक्सप्रेस वे थाने में मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 81 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

चवनपाल भाटी ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा तेजी से इस मामले में चार्टशीट दायर की गई। साथ ही पुलिस व गवाहों के बयान कोर्ट में दर्ज करवाए गए। सभी गवाह और सबूत और पक्ष व विपक्ष की जिरह के बाद विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही आरोपी पर 81000 का जुर्माना भी लगाया गया है। operation conviction के तहत पुलिस के द्वारा लगातार मुजरिमों को सजा दिलाने के लिए गहन पैरवी की जा रही है।

# गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट 37 मिनट में, आईजीआई 66 और मेरठ 72 मिनट में पहुंच जाएंगे

नोएडा। अब गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट महज 37 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। गाजियाबाद रैपिड रेल स्टेशन से लेकर नोएडा एयरपोर्ट तक के 72.3 किलोमीटर वाले RRTS-Cum-Metro कॉरिडोर की फाइनल रिपोर्ट एनसीआर ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ने सब्मिट कर दी है। यह आरआरटीएस कॉरिडोर बन जाने के बाद फास्ट सर्विस के जरिए गाजियाबाद से एयरपोर्ट पहुंचने में महज 37 मिनट लगेंगे जबकि नॉर्मल सर्विस के जरिए 50 मिनट में यह दूरी तय की जा सकेगी। इतना ही नहीं बेहद ही अहम कॉरिडोर के बन जाने के बाद यात्री नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सराय काले खां 56 मिनट में पहुंचा जा सकेगा और वहीं इंदिरा गांधी एयरपोर्ट 66 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। इसके अलावा 72 मिनट में मेरठ भी पहुंचा जा सकेगा। प्रोजेक्ट रिपोर्ट के मुताबिक,



कॉरिडोर में दो सेक्शन होंगे। पहला सेक्शन गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से कासना के नजदीक Ecotech VI है और दूसरा Ecotech VI से नोएडा एयरपोर्ट के ग्राउंड ट्रांसपोर्ट सेंटर तक है। अभी शुरू में इस कॉरिडोर में 22 स्टेशन होंगे। ड्राफ्ट प्लान में इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि आगे 13 और स्टेशन भी बनाए जा सकते हैं।

बताया जा रहा है कि यह आरआरटीएस मेट्रोल कॉरिडोर अप्रैल 2030 से चालू हो जाएगा। पहले चरण के तहत 39.4 किलोमीटर तक इसका निर्माण होगा। इसके तहत 7 आरआरटीएस और 11 मेट्रो स्टेशन होंगे। इसके अलावा 3 अ्य मेट्रो स्टेशन भी बाद में जोड़े जा सकेंगे। दूसरा चरण 32.9 किलोमीटर लंबा होगा। इसमें सिर्फ चार आरआरटीएस स्टेशन होंगे। 10 स्टेशनों में एक आरआरटीएस और नौ मेट्रो स्टेशन बाद में जोड़े जा सकेंगे। आधिकारियों ने कहा कै रैपिड रेल सिर्फ आरआरटीएस स्टेशनों पर ही रुकेंगी लेकिन मेट्रो ट्रेन सभी स्टेशनों पर रूकेंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद इसपर काम शुरू कर दिया जाएगा। दोनों ही सेक्शनों का निर्माण एक समान होगा और पांच सालों में 20,043.6 करोड़ के कॉरिडोर के निर्माण का लक्ष्य है। डीपीआर के मुताबिक, 1 सेक्टर में इंटरचेंज होगा। यह इंटरचेंज ग्रेटर नोएडा के एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशन वेस्ट के सेक्टर 4 स्टेशन पर प्रस्तावित है। यह एक एलिवेटेड कॉरिडोर होगा और यह शुरू गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से शुरू होगा। यह विश्वकर्मा रोड (सिद्धार्थ विहार/गाजियाबाद में प्रताप विहार), ताज हाईवे, चार मूर्ति चौक, ग्रेटर नोएडा लिंक रोड (नॉलेज पार्क) की तरफ जाएगा और फिर यह सूरजपुर-कासना रोड की तरफ मुड़ जाएगा। यह रूट परी चौक से होकर जाएगा।

# 931 बूथों की होगी वेबकास्टिंग, रहेगी पल-पल पर नजर

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव में जिले के 931 बूथों की वेबकास्टिंग होगी। वेबकास्टिंग के माध्यम से आयोग और प्रशासन की टीम मतदान के दौरान बूथों की हर गतिविधि पर नजर रखेगी। किसी तरह की लापरवाही या दिक्कत का पता चलते ही तत्काल सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को मौके पर भेजकर स्थिति को नियंत्रण में किया जाएगा। बूथ चिन्हित होने के बाद प्रशासन जल्द वहां कैमरा लगाने की कार्रवाई शुरू करेगा।

जिले की तीनों विधानसभा में 1804 बूथ हैं। इनमें संवेदनशील और अतिसंवेदनशील की श्रेणी के बूथों की संख्या 300 से ज्यादा है। इन मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सावधानी बरती जाएगी। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मिलकार कुल 931 बूथों की वेबकास्टिंग की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक नोएडा विधानसभा में सबसे अधिक 379 बूथों की वेबकास्टिंग होंगी। जबकि दादरी विधानसभा क्षेत्र के 353 बूथों और जेवर विधानसभा क्षेत्र के 199 बूथों की वेबकास्टिंग की जाएगी। वेबकास्टिंग का कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में बनाया जाएगा।

सुबह मतदान शुरू होने से समाप्ति तक की पूरा गतिविधि पर कैमरे की नजर रहेगी। अफसरों ने बताया कि सभी बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहेगा। अगर किसी बूथ पर आचार संहिता का उल्लंघन होगा तो टीम को तत्काल मौके पर भेजा जाएगा।

सपा और भाजपा प्रत्याशी ने प्रचार प्रसार के लिए चार-चार गाड़ियों की अनुमति ली है। इन गाड़ियों के माध्यम से ही दोनों प्रत्याशी प्रचार-प्रसार करेंगे।

इसका खर्च प्रत्याशियों के चुनाव खर्च में जुड़ेगा। प्रचार में किसी अन्य कार का इस्तेमाल हुआ होने पर वाहन जब्त कर लिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक पार्टी की तरफ से एक वाहन की अनुमति होती है। जिलाध्यक्ष की कार का खर्च पार्टी के खर्च में जुड़ता है।

# अरुणाचल में मतदान के लिए ईवीएम चालू करने का काम जारी

ईटानगर। लोकसभा और अरुणाचल प्रदेश की 11वीं राज्य विधानसभा के 19 अप्रैल को एक साथ होने वाले चुनावों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल्स (वीवीपीएटी) को चालू करने की प्रक्रिया सभी जिलों में शुरू हो गई है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार सेन ने रविवार को कहा कि कल शुरु हुआ यह अभ्यास अगले दो दिनों तक जारी रहेगा, जिसके दौरान ईवीएम और वीवीपैट 19 अप्रैल के चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे।

सीईओ ने बताया कि परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के कुल 180 इंजीनियर राज्य में आ चुके हैं और उन्हें ईवीएम और वीवीपीएटी के कमीशनिंग के लिए राज्य के 25 जिलों को आवंटित किया गया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक ईवीएम की कमीशनिंग की निगरानी कर रहे हैं। प्रवर्तन एजेंसियों ने फ्रिस्किंग, मेटल डिटेक्टर और गैजेट-मुक्त कमीशनिंग हॉल जैसे आवश्यक उपाय किए हैं तथा कमीशनिंग कड़ी सुरक्षा के तहत हो रही है जिसमें मशीनें 19 अप्रैल के मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार होंगी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी और संसदीय क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी ईवीएम को चालू करने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ईवीएम कमीशनिंग के माध्यम से, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नाम मतपत्र इकाइयों के साथ जुड़े हुए हैं। वीवीपैट मशीनों में, प्रतीक अपलोड किए जाते हैं, और उम्मीदवारों की सेटिंग नियंत्रण इकाई (सीयू) में की जाती है। ईवीएम और वीवीपैट की 24 गुणा 7 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में प्रतिनियुक्त ईसीआईएल इंजीनियरों द्वारा पूरी तरह से जांच और परीक्षण किया जाता है।

सीईओ ने कहा कि पूरी प्रक्रिया को देखने के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, उनके चुनाव एजेंटों या अधिकृत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### महबूबा अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगीं। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि पीडीपी ने मुफ्ती को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से उतारने का फैसला किया है जबकि पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पारा को श्रीनगर और राज्य सभा के पूर्व सांसद मीर फयाज को बारामूला लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में चुनाव होंगे। आगामी 19 अप्रैल को पहले चरण में उधमपुर लोकसभा सीट पर मतदान होगा। इसके बाद 26 अप्रैल को दूसरे चरण में जम्मू सीट पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण यानी सात मई को अनंतनाग सीट पर वोटिंग होनी है। आगामी 13 मई को चौथे चरण के तहत श्रीनगर और पांचवें चरण में 20 मई को बारामूला सीट पर वोटिंग होगी। नतीजे चार जून को आएंगे। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटे हैं।

# इंडिया समूह केवल भ्रष्ट पार्टियों का जमावड़ा है : जे पी नड्डा

चिदम्बरम (तमिलनाडु) । भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्ष नीत इंडिया समूह पर कड़ा प्रहार करते हुए ने रविवार को कहा कि इंडिया समूह केवल भ्रष्ट पार्टियों का जमावड़ा है। नड्डा ने चिदम्बरम (सुरक्षित) लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पी.कार्तियिनी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वह भ्रष्टाचार खत्म करेंगे जबकि इंडिया समूह के नेता भ्रष्टाचार में लगे लोगों को बचाने की बात करते हैं। यही उनकी कार्यशैली और कार्यप्रणाली भी है।

उन्होंने कहा,एक तरफ, हमारे पास देश और तमिलनाडु के लिए काम करने वाला एक प्रधानमंत्री है और वहीं दूसरी तरफ, आपके पास इंडिया समूह है जो 'परिवार बचाओ और वंश बचाओ, परिवार बचाओ' का गठबंधन है।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड मुनेत्र कषगम( द्रमुक) पर निशाना साधते



हुए नड्डा ने पूछा कि द्रमुक का मतलब क्या है। द्रमुक का मतलब वंशवाद, धन ठगी और कट्टापंचायत है। उनकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस भ्रष्टाचार से भरी हुई है। संपूर्ण इंडिया समूह भ्रष्ट पार्टियों का एक समूह है जो अपने परिवारों, राजवंशों और खुद को उनके द्वारा किए गए भ्रष्ट आचरण से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के फारूक अब्दुल्ला और उनके पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पारिवारिक पार्टी है जो इंडिया समूह में शामिल हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पारिवारिक पार्टियों का हिस्सा हैं। समाजवादी पार्टी के दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव और डिम्पल यादव की भी पारिवारिक पार्टियों के हिस्सा हैं। इसी प्रकार बिहार के राष्ट्रीय जनता दल नेता लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव की भी पारिवारिक पार्टियों से ही हैं।

नड्डा ने कहा, अगर मैं ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बारे में बात करता हूं तो वे भी एक पारिवारिक पार्टी का हिस्सा हैं। अगर मैं केसीआर , केटीआर और के कविता के साथ भी एक पारिवारिक पार्टी के बारे में बात करता हूं। वहीं तमिलनाडु में द्रमुक नेता करुणानिधि, उनके बेटे एम.के. स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन- एक पारिवारिक पार्टी का ही हिस्सा हैं जबकि महाराष्ट्र में शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले तथा शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे भी पारिवारिक पार्टियों के हिस्सा हैं।

## शार्ट न्यूज

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

मोदीनगर। मोदीनगर के राज चौपला स्थित रेलवे फाटक से आगे सुबह जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। समय पर पुलिस के ना पहुंचने पर शव के ऊपर से कई ट्रेन गुजर गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि राज चौपला स्थित रेलवे फाटक से मेरठ की ओर दो सौ मीटर आगे सुबह पौने दस बजे के आसपास मेरठ से दिल्ली जा रही जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के सामने एक युवक अचानक आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक के शरीर के चीथड़े उड़ गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। समय पर पुलिस के ना पहुंचने के कारण शव के ऊपर से कई ट्रेन गुजर गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थोड़ी देर में ही युवक की शिनाख्त 35 वर्षीय अनिल तोमर उर्फ विक्रांत पुत्र सत्यप्रकाश निवासी शिवपुरी कॉलोनी के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि मृतका अविवाहिता था और सुबह किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद के बाद घर से निकल गया था। पुलिस का कहना है कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है।

### 15 साल के किशोर की बेरहमी से पिटाई

**मोदीनगर।** नगर की एक कॉलोनी में रविवार सुबह पार्क में खेलने को लेकर हुए विवाद में दंबगों ने 15 वर्षीय किशोर को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं कुकर्म करने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया है। गंभीर हालात में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उनकी पुत्री ने बताया कि मेरा 15 वर्षीय भाई कॉलोनी के पार्क में खेल रहा था। वहां पर उसका किसी बात को लेकर एक अन्य युवक से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि उसने पहले मेरे भाई की बेहरमी से पिटाई की। आरोप है कि आरोपी युवक ने मेरे भाई के साथ कुकर्म करने का भी प्रयास किया। लेकिन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि मामला कुकर्म के प्रयास का नहीं है, बल्कि मारपीट का है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव सैदपुर प्रथमगढ़ में ट्रैक्टर सड़क पर खड़ा करने से नाराज दंबगों ने किसान को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव सैदपुर प्रथमगढ़ निवासी सोनवीर सिंह परिवार सहित रहते है।

### मंगेतर की धमकी से तंग होकर युवती ने दी जान

खोड़ा। थानाक्षेत्र में एक युवक ने शादी के 21 दिन पहले मंगेतर से दुष्कर्म कर उसकी अश्लील तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। आरोपी ने शादी में गाड़ी नहीं देने पर मंगेतर को रिश्ता तोड़कर जान देने के लिए भी उकसाया। आरोप है कि युवती से दुष्कर्म, धमकी, बदनामी और रिश्ता टूटने के बाद घर में पंखे से लटक कर जान दे दी। युवती के भाई ने खोड़ा पुलिस को चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस सुसाइड नोट की जांच कर रही है। युवक ने पुलिस को बताया कि 22 जनवरी को बहन का रिश्ता दिल्ली उत्तम नगर के विकास नगर में रहने वाले मुकेश से तय हुआ था। 26 जनवरी को उनके परिवारजन और रिश्तेदारों ने शादी के लिए मुकेश को पांच लाख रुपये नकद देकर अपनाया था। इसके बाद शादी और अन्य कार्यक्रम के लिए 11 लाख की बातचीत हुई थी। कुछ दिनों बाद उनके पिता ने मुकेश के परिवार को छह लाख रुपये की रकम भी सौंप दी थी। उनका आरोप है कि 21 अप्रैल 2024 की शादी तय होने के बाद मुकेश उनकी बहन से आकर मिलने लगा था। वह चोरी-छिपे घर में भी आता था। फोन पर कॉल के दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी तैयार कर ली। उसके बाद बहन को शादी का हवाला देकर जबरन दुष्कर्म किया जबकि वह बार-बार मना करती रही।


### तमंचा तान कर 10 हजार लूटे

लोनी। बॉर्डर थाना क्षेत्र के दो नंबर इंद्रापुरी कॉलोनी स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक पर तमंचा तान कर बाइक सवार नकाबपोश बदमाश ने 10 हजार रुपये लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ बॉर्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंद्रापुरी कॉलोनी में श्रीचंद परिवार के साथ रहते हैं। उनका दो नंबर इंद्रापुरी कॉलोनी में अमित मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह दुकान पर थे। तभी एक बाइक उनके स्टोर के सामने आकर रुकी। बाइक सवार ने हेलमेट और मुंह पर कपड़ा ढक रखा था। बाइक सवार आया और दवाई के बारे में पूछने लगा। तभी बदमाश ने संचालक के सिर पर तमंचा तान दिया। बदमाश ने और 10 हजार रुपये लूट लिए। शोर मचाने पर बदमाश ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। जल्द बदमाश को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### घर में घुसकर फोन और नकदी चुराई

खोड़ा। मास्टर पार्क के शनि बाजार में शुक्रवार तड़के चोर ने टेंट व्यापारी के घर में घुसकर चार फोन और 12 हजार की नकदी चोरी कर ली। परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। खोड़ा पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। टेंट व्यापारी मनवीर सिंह ने बताया कि 4 मार्च की रात दंपती एक मंजिला मकान में नीचे सो रहे थे जबकि बेटे छत पर सो रहे थे। बराबर में एक मकान का निर्माण कार्य हो रहा है। देर रात तीन बजे करीब चोर निर्माणाधीन मकान की दीवार के सहारे चढ़कर उनकी छत पर पहुंच गया। वहां सो रहे बेटों के तीन फोन जबकि नीचे दंपती के एक फोन के अलावा अलमारी से 12 हजार की नकदी चोरी कर ली। सुबह व्यापारी और उनके बेटे नींद से उठे तो फोन व नकदी नहीं मिली। उन्होंने कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो फुटेज में एक चोर छत पर चढ़ता नजर आया। इसके बाद उन्होंने खोड़ा पुलिस को चोरी की शिकायत दी। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि चोर की पहचान कर रहे हैं। उसे जल्द पकड़कर फोन व नकदी बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

### 17 न्यायाधीशों का हुआ तबादला




गजियाबाद। हाईकोर्ट के आदेश पर गाजियाबाद में तैनात 17 न्यायिक अधिकारियों का तबादला अन्य जिलों में हो गया है। वहीं, अन्य जिलों से भी 16 न्यायाधीश गाजियाबाद आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार एडीजे कोर्ट संख्या तीन के न्यायाधीश पवन शर्मा का ट्रांसफर बहराइच, एडीजे कोर्ट संख्या 17 की न्यायाधीश सीमा सिंह का ट्रांसफर प्रयागराज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनील प्रसाद का बहराइच, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सीबीआई शिवम वर्मा का रायबरेली, मोदीनगर ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी अभिषेक पांडे का ट्रांसफर गाजियाबाद हो गया है। इसके अलावा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या पांच संदीप सिंह का रामपुर, सीजेएम सुधांशु शेखर उपाध्याय का अयोध्या, अपर सिविल जज नेहा रुंगटा का गोंडा, अपर सिविल जज मृत्युंजय कुमार का हरदोई, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या चार प्रफुल्ल कुमार चौधरी का बांदा, अपर सिविल जज अभिषेक जायसवाल का बस्ती, सिविल जज सीनियर डिवीजन शुभम वर्मा का सुल्तानपुर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या एक रविशंकर गुप्ता का ललितपुर तबादला हो गया है। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट वन की न्यायाधीश छवि अस्थाना का ट्रांसफर रामपुर, अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या पांच की न्यायाधीश अर्चना रानी का ट्रांसफर सोनभद्र, अपर पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश अमित प्रजापति का ट्रांसफर गाजियाबाद से श्रावस्ती, अपर पॉक्सो कोर्ट थर्ड के न्यायाधीश तेंद्रपाल का ट्रांसफर महोबा हो गया है।

# साजिश है केजरीवाल की गिरफ्तारी

## देश को लूटने की फिराक में भाजपा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता देश भर में सामूहिक उपवास कर रहे हैं। आप नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी एक दिन का सामूहिक उपवास कर रहे हैं। सामूहिक उपवास के दौरान आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को गहरी साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। अगर एक होम गार्ड और सिविल डिफेंस वालंटियर को पढ़ने के लिए दे दिया जाए तो वो भी तीन घंटे में बता देंगे कि फर्जी मुकदमा है। संजय सिंह ने कहा, मैं गहरी साजिश इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि सीबीआई और ईडी ने 456 गवाह बनाए हैं और 50 हजार पन्नों की चार्जशीट में चार बार अरविंद केजरीवाल का नाम लिया। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, जंतर-मंतर की ऐतिहासिक धरती से मैं कहना चाहता हूं अरविंद केजरीवाल इमानदार थे, इमानदार हैं और इमानदार रहेंगे। अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, मुख्यमंत्री हैं और मुख्यमंत्री रहेंगे। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला भारतीय जनता पार्टी ने किया है। राज्यपाल वीके सक्सेना को घेरते हुए संजय सिंह ने कहा कि अगर उन्हें अपने पद की जरा सी नैतिकता है। अगर संविधान में जरा सा भी भरोसा है तो आज ही चिट्ठी लिखकर ईडी, आईटी और सीबीआई की जांच कराएं। कहा कि भाजपा के नेताओं की कॉलर पकड़कर जेल भेजो। भाजपा के पास 55 करोड़ की मनी ट्रेल मिली है। हम सब को मिलकर इसकी जांच की मांग देश की सरकार, उपराज्यपाल और राष्ट्रपति से करनी चाहिए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का तो काम हो गया है, चोरी भी और सीनाजोरी भी। पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ माफ कर दिया। नोटबंदी का घोटाला किया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को छिपा दिया, जिसने एक एक भ्रष्टाचारी को चुन-चुनकर, माला पहनाकर अपने साथ मिला लिया वो भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलती है। मोदी जी की गारंटी है, उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ेंगे। सबको चुन चुन कर भाजपा में शामिल करेंगे। संजय सिंह ने कहा अमित शाह तीन महीने जेल में और दो साल गुजरात से बाहर रहे। पांच साल तक मुकदमा चला, जब उनकी सरकार बनी तब बरी हुए। भाजपा वाले नैतिकता के आधार पर सीएम अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा मांग रहे हैं। फिर भगवंत मान का इस्तीफा मांगेंगे और पूरा विपक्ष खत्म करके पूरे देश में बेइमानी करेंगे। पूरे देश को लूटेंगे। हम इन्हें दिल्ली लूटने नहीं देंगे। 15 साल एमएसडी को लूटा, वहां से जनता ने निकालकर कूड़ेदान में डाल दिया।

# सुनील दहिया की हत्या करने वाला बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। बाहरी जिला पुलिस ने सोनीपत के नाहरी गांव के पूर्व सरपंच सुनील दहिया की हत्या करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नजफगढ़ निवासी राहुल मलिक के रूप में हुई है। हरियाणा पुलिस ने आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी पर पहले से हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए हैं।

जिला पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिरम ने बताया कि बाहरी जिला स्पेशल स्टाफ बदमाशों पर निगरानी रख रही थी। पांच अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि हत्या के मामले में शामिल एक बदमाश हथियार लेकर पीतमपुरा गांव आने वाला है। सूचना को पुख्ता करने के बाद एसआई संदीप श्योराण के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने गांव के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नाहरी गांव, सोनीपत (हरियाणा) के पूर्व सरपंच की हत्या के मामले में वांछित है।

थाना कुंडली में उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज है। जांच में पता चला कि हरियाणा पुलिस ने उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। 2018 में आरोपी के खिलाफ द्वारका नार्थ थाने में हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। दोनों ही मामलों में जमानत पर हैं। उसके खिलाफ रानीबाग थाने में भी शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

# दिल्ली में नए सिरे से उम्मीदवार तय करने में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** आप संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी नीति में गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में बदले राजनीतिक माहौल के बीच कांग्रेस ने उम्मीदवार तय करने की प्रक्रिया नए सिरे से शुरू की है। कांग्रेस ने अपने हिस्से की तीनों सीटों पर सर्वे कराना शुरू किया है।

कांग्रेस ने सर्वे में उन नेताओं के नाम भी शामिल किए हैं, जिन्होंने पिछले दिनों चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। दरअसल, इन नेताओं ने अब चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। इनमें प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भी शामिल हैं।

कांग्रेस आलाकमान दिल्ली में अपने हिस्से में आए चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में मजबूत उम्मीदवार उतारने की कोशिश में लगा हुआ है।

इस कड़ी में उसने तीनों सीटों पर उम्मीदवारों के मामले में सर्वे कराना शुरू किया है। तीनों सीटों पर तीन से लेकर चार नेताओं की स्थिति के बारे में मालूम कराने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल व संदीप दीक्षित के संबंध में चांदनी चौक के साथ-साथ उत्तर पूर्व क्षेत्र में भी सर्वे कराया जा रहा है।

सर्वे में चांदनी चौक क्षेत्र में पूर्व विधायक अलका लांबा की संभावना का भी पता लगाया जा रहा है। वहीं, उत्तर पूर्व क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चतर सिंह व जेएनयू के छात्र नेता रहे कन्हैया कुमार की मजबूती के बारे में मालूम कराया जा रहा है।

उधर, उत्तर पश्चिम दिल्ली क्षेत्र में पूर्व सांसद उदित राज, पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार के बारे में सर्वे कराया जा रहा है।

## गाजियाबाद में नहीं जल रही लाल-हरी और पीली बत्ती

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल काम नहीं कर रहे हैं। यहां ट्रैफिक पुलिस के कर्मी खुद ही ट्रैफिक का संचालन कर रहे हैं। दरअसल ट्रैफिक लाइट का जिम्मा नगर निगम के पास होता है। जिसके पास ट्रैफिक लाइट संचालन का जिम्मा था उस वेंडर का टेंडर खत्म होने के चलते ट्रैफिक लाइट काम नहीं कर रही है। अब नया टेंडर देने के बाद सुचारू रूप से ट्रैफिक लाइट काम करेंगी। इसी कारण से जिले में जगह-जगह जाम लग गया है। गाजियाबाद में एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार ने बताया की ट्रैफिक लाइट चलाने का जिम्मा नगर निगम के पास है। नगर निगम वेंडर के जरिए सिग्नल व्यवस्था संचालित करता है। जिस वेंडर के पास इसका टेंडर था उसके टेंडर का समय समाप्त हो गया। जिस कारण से ट्रैफिक लाइट का संचालन अब ट्रैफिक कर्मी मैन्युअल कर रहे हैं।

# दिल्ली में जल्द शुरू हो सकती है ईडब्ल्यूएस श्रेणी में दाखिला प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** राजधानी के निजी स्कूलों में लंबे इंतजार के बाद भी आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस), वंचित वर्ग (डीजी), विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी की सीटों पर दाखिला प्रक्रिया इस हफ्ते शुरू होने की संभावना है। स्कूलों में नर्सरी के सामान्य श्रेणी के छात्रों का नया सत्र शुरू हो गया है। लेकिन, अभी तक शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया है। इसको लेकर अभिभावकों के बीच में नाराजगी का माहौल है। साथ ही, दाखिला जानकारी लेने के लिए अभिभावक स्कूल से लेकर निदेशालय के चक्कर भी लगा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि एक तो पहले ही ईडब्ल्यूएस सीट पर दाखिला लेने के लिए स्कूल में मशक्कत करनी पड़ती है। प्रक्रिया में देरी होने से दिक्कतें और




भी ज्यादा बढ़ेंगी। बता दें कि निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीट ईडब्ल्यूएस, डीजी और विशेष बच्चों की श्रेणी के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिला संबंधी दिशा-निर्देश व अधिसूचना इस सप्ताह जारी होने की संभावना है। ज्यादातर स्कूलों ने सीटों के मामले के बारे में आंकड़ों की जानकारी दे दी है। अब इसे सूचीबद्ध किया जा रहा है। वहीं, रोहिणी निवासी खुशी राणा ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी का दाखिला करवाना है, इसे लेकर वह चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिला शुरू होने की कोई सूचना नहीं हैं। इसको लेकर उन्होंने सारी तैयारी कर ली है। ताकि दाखिला प्रक्रिया में देरी न हो जाए। वहीं, बदरपुर निवासी प्रियम ने बताया कि उन्हें अपने बेटे का दाखिला कराना है। वह निदेशालय से लेकर स्कूलों तक के चक्कर लगा रही है। लेकिन, कहीं से भी दाखिले की सूचना नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि कुछ स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है। लेकिन, ईडब्ल्यूएस श्रेणी की दाखिला प्रक्रिया का कोई पता नहीं है।

# दिल्ली में नाबालिग ने चाकू मारकर ले ली युवक की जान

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में महज माचिस देने से इनकार करने पर नाबालिग ने एक युवक की चाकू से वारकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त अंशुल भाटी (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दोनों नाबालिग आरोपियों को दबोच लिया है। मुख्य नाबालिग आरोपी की उम्र महज पंद्रह साल है।

छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि अंशुल अपने तीन अन्य दोस्त वरुण, देव और ऋतिक के साथ एक ऑटो में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इस बीच नाबालिग आरोपी अपने दोस्त के साथ वहां पहुंचा। उसने माचिस मांगा तो अंशुल ने मना कर दिया। अंशुल का अंदाज नाबालिग को शायद समझ नहीं आया।




बाद में उसने चाकू निकालकर अंशुल पर हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी चला गया। चंद मिनटों बाद आरोपी दोबारा मौके पर पहुंचा और अंशुल को और चाकू मारने लगा तो दोस्तों ने उससे मिन्नतें कर वापस भेजा। अंशुल को अरुणा आसफ अली अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने वरुण के बयान पर हत्या का मामला दर्ज देर रात को ही छापेमारी की। बाद में इंस्पेक्टर पंकज तोमर व अन्यों की टीम ने नाबालिगों को सिग्नेचर ब्रिज के पास से दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया। पुलिस दोनों नाबालिगों से बातचीत कर मामले की छानबीन कर रही है।

### दोस्तों के साथ घूमने निकला था अंशुल...

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अंशुल अपने परिवार के साथ गली नंबर-10, जगतपुर एक्सटेंशन में रहता था। इसके परिवार में पिता गजेंद्र भाटी के अलावा मां, एक भाई व बहन हैं। अंशुल के पिता मामूली रूप अशक्त हैं। उनका एरिया में प्रॉपर्टी का कारोबार है। फिलहाल अंशुल बेरोजगार था। वह नौकरी की तलाश कर रहा था। शुक्रवार देर रात को अंशुल अपने दोस्त वरुण के साथ अपने दोस्त देव के घर संजय बस्ती पहुंचा। देव के नाना की तेहरवीं थी। यहां पर ऋतिक भी मौजूद था। देर रात तक चारों दोस्त श्रीराम पार्क, गोल डाकखाने के पास खड़े ऑटो में बातचीत करते रहे। इस बीच रात करीब 3.20 बजे दो नाबालिग लड़के इनके पास आए।

एक नाबालिग ने अंशुल से माचिस मांगा तो उसने रुखे अंदाज में मना कर दिया। इसी बात पर नाबालिग भड़क गया। उसका कहना था कि मेरे इलाके में आकर ऊंची आवाज में बात करोगे। इसी बात पर उसने चाकू निकालकर अंशुल पर हमला कर दिया। बाद में वह फरार हो गए। अस्पताल ले जाने पर अंशुल को मृत घोषित कर दिया गया।

# गाजियाबाद में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में पल्सर सवार दो बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी। दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। इन दोनों बदमाशों ने पिज़्ज़ा आउटलेट और मेडिकल स्टोर से लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस पकड़े गए बदमाश के कब्जे से लूट के पैसे, तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की है। गाजियाबाद में एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया की थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में लूट की घटनाओं के बाद सघन तरीके से चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान लालबाग क्षेत्र में एक पल्सर सवार मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। टॉर्च के इशारे से उसे रोकने का प्रयास किया गया मोटरसाइकिल सवार दो लोग मोटरसाइकिल को मोड़कर भगाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी और दूसरा फरार हो गया। घायल बदमाश का नाम विकास तोमर उर्फ विक्की है जो बागपत के थाना रमाला क्षेत्र का रहने वाला है। इन दोनों बदमाशों ने 5 तारीख में अमित मेडिकल स्टोर से कैश लूट था। साथ ही रोम्स पिज़्ज़ा आउटलेट में भी कैश लूट की थी।

# गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार



गाजियाबाद। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने दो ऐसे बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो एक शातिर अपराधी को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने वाले थे। इसके लिए इन्होंने हथियारों का भी इंतजाम किया था। जो पुलिस ने बरामद किये है। इनकी मुलाकात जेल में हुई थी। जिस अपराधी को छुड़ाना था उसके केस में गवाही पूरी हो गई थी और उसे सजा होने वाली थी। इसी कारण से इन्होंने यह प्लान बनाया था। लेकिन इससे पहले इनका प्लान पूर्ण हो पाता उससे पहले क्राइम ब्रांच ने इनको धर दबोचा।

गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर अब्दुल सिद्दीकी ने बताया की क्राइम ब्रांच ने थाना सिहानी गेट क्षेत्र में दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशो के नाम हर्षित चिकारा और रोहित चौधरी है। इनके कब्जे से पिस्टल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए एक बदमाश हर्षित ने बताया कि यह लोग अंकुश को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने का प्लान बना रहे थे। इसीलिए इन्होंने हथियार भी इक्कट्ठा किए थे। अंकुश फिलहाल संतकबीर नगर की जेल में बंद है। गाजियाबाद में अंकुश पर हत्या, हत्या के प्रयास और लूट के करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जिसको लेकर अंकुश गाजियाबाद पेशी पर आता है।

पेशी के दौरान ही रोहित और हर्षित अंकुश से कोर्ट में मिला करते थे। जहां से उन्होंने अंकुश को छुड़ाने का प्लान बनाया। हर्षित की मुलाकात अंकुश से डासना जेल में हुई थी। हर्षित के खिलाफ 2019 में बलात्कार का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिस मामले में वह जेल गया था।

# सफदरजंग अस्पताल के पीएमआर विभाग ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल के पीएमआर विभाग ने 6 अप्रैल, 2024 को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) वाले व्यक्तियों के लिए स्वीकृति, समावेशन और समझ को बढ़ावा देना है।

इस महत्वपूर्ण अवसर के मुख्य अतिथि सफदरजंग अस्पताल में फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग के सम्मानित प्रमुख डॉ. अजय गुप्ता थे। उनकी उपस्थिति ने एएसडी से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों का समर्थन करने के लिए चिकित्सा समुदाय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इस वर्ष की थीम, ऑटिस्टिक आवाज़ों को सशक्त बनाना के अनुरूप, इस कार्यक्रम ने ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम पर व्यक्तियों की आवाज़ और अनुभवों को बढ़ाने, उनके अद्वितीय दृष्टिकोण के लिए गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देने की कोशिश की।




दिन का मुख्य आकर्षण एक मनोरम पेंटिंग प्रतियोगिता थी जिसमें ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम पर 20 बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। उनकी जीवंत और अभिव्यंजक कलाकृतियाँ असीमित रचनात्मकता और क्षमता की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में काम करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के भीतर निहित होती है, चाहे उनके न्यूरोलॉजिकल मतभेद कुछ भी हों।

ऑटिज़्म, एक आजीवन न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जो प्रारंभिक बचपन के दौरान प्रकट होती है, जो लिंग, नस्ल और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को प्रभावित करती है।

शब्द ऑटिज्म स्पेक्ट्रम कई विशेषताओं को संदर्भित करता है जिसमें अद्वितीय सामाजिक संपर्क, गैर-मानक सीखने की शैली, विशिष्ट विषयों में गहरी रुचि, दिनचर्या के प्रति झुकाव, विशिष्ट संचार में चुनौतियां और संवेदी जानकारी को संसाधित करने के विशेष तरीके शामिल हैं।

चिंताजनक रूप से, दुनिया के सभी क्षेत्रों में ऑटिज्म की दर अधिक है, और समझ की कमी का व्यक्तियों, उनके परिवारों और उनके समुदायों पर जबरदस्त प्रभाव पड़ता है। न्यूरोलॉजिकल मतभेदों से जुड़े कलंक और भेदभाव निदान और उपचार के लिए महत्वपूर्ण बाधा बने हुए हैं, एक ऐसा मुद्दा जिसे संबोधित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में बोलते हुए, सुशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के विजय कुमार झा ने एएसडी वाले व्यक्तियों के लिए एक अधिक सहायक और समावेशी दुनिया बनाने के महत्व पर जोर दिया। आज, हम ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के लिए स्वीकार्यता, समझ और समान अवसरों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हैं।

उनकी आवाज को सशक्त बनाकर और उनके अद्वितीय दृष्टिकोण का जश्न मनाकर, हम एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे सकते हैं जो तंत्रिका विविधता को अपनाता है और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने की अनुमति देता है।

इस आयोजन ने एएसडी वाले व्यक्तियों के अधिकारों और समावेशन की वकालत जारी रखने के उद्देश्य और दृढ़ संकल्प की भावना प्रदान की।

## संपादकीय



# दुनिया में बढ़ती गर्मी का परिप्रेक्ष्य

आधुनिक युग में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का अध्ययन एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। दुनिया भर में बढ़ती गर्मी और उसके प्रभावों का समुचित अध्ययन वैज्ञानिकों की मुख्य प्राथमिकता बन गई है।

आधुनिक विज्ञान और वायुमंडलीय अध्ययनों के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग और गर्मी का स्तर बढ़ रहा है। धरती के तापमान में वृद्धि, जलवायु के परिवर्तन की सबसे मुख्य संकेत है। वैज्ञानिक साक्ष्य दिखाता है कि पिछले कुछ दशकों में धरती का तापमान सामान्य औसत से अधिक बढ़ा है और यह परिस्थिति और भी गंभीर हो रही है।

### गर्मियों का प्रभाव

**प्राकृतिक आपदाएं :** गर्मी की वृद्धि ने प्राकृतिक आपदाओं को भी बढ़ा दिया है। अधिक तापमान के कारण विविधता और प्राकृतिक संतुलन में बदलाव हो रहा है, जिससे बाढ़, चक्रवात, और जलवायु विक्षोभ जैसी घातक आपदाएं बढ़ रही हैं।

**खाद्य सुरक्षा :** गर्मियों का बढ़ता तापमान कृषि क्षेत्र को भी प्रभावित कर रहा है। पानी की कमी, बारिश की अनियमितता, और उत्पादन में कमी के कारण खाद्य सुरक्षा पर खतरा बढ़ रहा है।

**स्वास्थ्य परिणाम :** अधिक तापमान स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। लू, धूल, और प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी से अस्थायी और स्थायी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।

**नवाचार तकनीक :** साइंटिस्ट्स और अनुसंधानकर्ताओं ने गर्मी के प्रभावों का मुकाबला करने के लिए नवाचारी तकनीकों का विकास किया है। सौर ऊर्जा, वायु ऊर्जा, और ऊर्जा संयंत्रों में सुधारों की बढ़ती आवश्यकता है।

**जल संरक्षण :** जल संरक्षण और उपयोग में समर्पितता एक और महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। समुद्री जल का संरक्षण, वार्षिक बारिश का नियंत्रण, और पानी के उपयोग में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।

**पर्यावरण शिक्षा :** पर्यावरण शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगों को उनके कार्यों के प्रभावों को समझना और पर्यावरण के प्रति सचेत रहने के लिए शिक्षित किया जाना चाहिए।

अंत में, ग्लोबल गर्मी और जलवायु परिवर्तन एक गंभीर समस्या है जिसका सामना हमें मिलकर करना होगा।

नई तकनीक, समुदाय की सहभागिता, और साक्षरता की बढ़ती स्तर के साथ, हम सकारात्मक रूप से इस समस्या का सामना कर सकते हैं और संभावित समाधानों को अमल में ला सकते हैं। हम सभी का साझा दायित्व है कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा करें और एक स्वस्थ, सुरक्षित और सामर्थ्यवान भविष्य बनाएं।

यह लेख ग्लोबल वार्मिंग और गर्मियों के परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर विचार करता है, और संभावित समाधानों को उठाता है। गर्मियों के प्रभावों को समझने और उनसे निपटने का जागरूकता बढ़ाना हम सभी का दायित्व है।

# किशोरों के जीवन से खेलती बुरी लत

तकनीकी विकास की करिश्माई देन, मोबाइल फ़ोन अपनी विविधता की उपयोगिता के चलते युवाओं तथा बड़े बुज़ुर्गों से लेकर बच्चों तक का चहेता बन चुका है। अवयस्कों द्वारा सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना उनके शारीरिक, मानसिक व नैतिक विकास को प्रभावित कर रहा है।

मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभावों पर संज्ञान लेते हुए, हाल ही में अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में नाबालिगों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाने का ऐलान किया गया। इसके अंतर्गत, 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों के सोशल मीडिया खातों पर रोक रहेगी। सोशल मीडिया के प्रयोग से पूर्व अभिभावकों की अनुमति अनिवार्य होगी। नियमोल्लंघन पर संबद्ध छात्र का मोबाइल ज़ब्त करने एवं आदेश पालन सुनिश्चित बनाने हेतु शिक्षकों को बच्चों के बैग सख़्तीपूर्वक जांचने का अधिकार दिया गया है। सुधारात्मक दृष्टिकोण से इसे एक सराहनीय क़दम माना जा रहा है।


फ्रांस सरकार पहले ही अपने देश में इससे संबद्ध कानून लागू कर चुकी है। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने भी कुछ ही समय पूर्व, छात्रों का व्यवहार संयमित करने तथा पढ़ाई पर एकाग्रता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालयों में मोबाइल फ़ोन के प्रयोग पर पूर्ण पाबंदी लगाने संबंधी निर्देश जारी करते हुए कहा कि पाठशाला में इसका प्रयोग पढ़ाई तथा अन्य गतिविधियों में व्यवधान उत्पन्न करता है।

बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत के विषय में भारतवर्ष भी अपवाद नहीं। सोशल मीडिया ने मानो बच्चों का बचपन ही छीन लिया है। परम्परागत खेल खेलने की बजाय मोबाइल पर उंगलियां घुमाना बच्चे मनोरंजन का बेहतर उपाय मानते हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, पांच साल तक के 99 प्रतिशत बच्चे गैज़ेट एडिक्शन के शिकार हैं। अधिक स्क्रीन टाइम बच्चे के लिए कितना घातक सिद्ध हो सकता है, देश के 66 प्रतिशत अभिभावक इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार, 65 प्रतिशत परिवार खाना खिलाते समय बच्चों को टीवी-मोबाइल दिखाते हैं। 12 माह का बच्चा प्रतिदिन 53 मिनट स्क्रीन देखने में बिताता है, 3 वर्ष की उम्र होने तक यह अवधि बढ़कर डेढ़ घंटा हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक़, बचपन में ही मोबाइल की लत लगने से बच्चे अनेक रोगों की चपेट में आने लगते हैं। स्क्रीन टाइम बढ़ने से शारीरिक गतिविधि कम होती है तथा ओवरइटिंग की आदत पनपती है, जिसके फलस्वरूप मोटापा घेरने लगता है एवं अल्पायु में ही मधुमेह, हृदय रोग आदि गंभीर रोगों से पीड़ित होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना जहां समूची दिनचर्या को प्रभावित करता है, वहीं बच्चों में आलस्य, अनिद्रा, अवसाद, चिंता, तनाव आदि मानसिक समस्याएं बढ़ाने के साथ ही बेचैनी, झल्लाहट तथा हिंसक प्रवृत्ति उपजाने का भी प्रमुख कारण बनता है। अभिभावकों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय न बिताना उन्हें समाज से अलग-थलग कर, आत्मकेंद्रित तो बनाता ही है, उनकी एकाग्रता को भी प्रभावित करता है। विशेषकर, रील बनाने का आधुनिक प्रचलन अवयस्कों को ऐसी आत्ममुग्धता की ओर धकेल रहा है, जिसमें बहुत बार मर्यादाएं भी तार-तार होती दिखाई पड़ती हैं। गैज़ेट्स पर ज्यादा समय बिताने से बच्चों को बोलने में दिक्कत व समाज में दूसरे लोगों से तारतम्य स्थापित करने में परेशानी महसूस होने लगती है। दूसरे शब्दों में, मोबाइल, टेबलेट, कंप्यूटर आदि का अधिक प्रयोग बच्चों को वर्चुअल ऑटिज़्म का शिकार बना रहा है।

मोबाइल टाइम का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव आंखों पर देखने में आया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक़, 20 वर्षों के दौरान छोटे बच्चों में मायोपिया की बीमारी तीन गुणा बढ़ गई। इस संदर्भ में अकेले राजधानी दिल्ली की ही बात करें तो 2001 में बच्चों में आंख से कम दिखने की समस्या 7 प्रतिशत थी जो कि 2011 में बढ़कर 13.5 प्रतिशत तक जा पहुंची। कोविड के पश्चात 2021 में किए गए सर्वेक्षण में 20 से 22 प्रतिशत बच्चे मायोपिया की समस्या से ग्रस्त पाए गए, जिसका सबसे बड़ा कारण बच्चों में बढ़ता स्क्रीन टाइम रहा।

# चीन प्रकरण-कुछ तो है जिसकी पर्दादारी है ?



तनवीर जाफ़री

बिहार के जमुई में गत दिनों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का भारत दुश्मन के घर में घुसकर मारता है। कांग्रेस के राज में भारत को ग़रीब और कमज़ोर देश माना जाता था। छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब ऐसे नहीं चलेगा...आज का भारत घर में घुसकर मारता है...आज का भारत दुनिया को दिशा दिखाता है। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ़ था। उसी पाकिस्तान की तरफ़ जिसके कांग्रेस पार्टी ने 1971 में न केवल दो टुकड़े कर दिये थे बल्कि भारत पाक के बीच हुये संक्षिप्त युद्ध के दौरान भारतीय सेना के समक्ष पाकिस्तानी सेना ने विश्व का अब तक का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण भी किया था। इतना ही नहीं बल्कि यह सब उस अंतराष्ट्रीय राजनैतिक वातावरण के बीच हुआ था जबकि अमेरिका, पाकिस्तान का पक्षधर था और भारत के विरुद्ध सातवें बेड़े के रूप में अपना जंगी जहाज़ भेजने की घुड़की भी दी थी। गोया आज़ादी के मात्र 24 वर्षों बाद ही भारत ने न तो अमेरिका जैसी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की परवाह की न ही पाकिस्तानी सेना की।

अब ज़रा मोदी राज में पड़ोसी देश चीन के दुस्साहस और सरकार के हौसले पर नज़र डालिये। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी का दावा है कि चीन ने लद्दाख़ की 4,067 वर्ग किमी ज़मीन हड़प ली है। उन्होंने यह भी कहा है कि मोदी सरकार सच्चाई छिपा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यही दावा कर चुके हैं कि लद्दाख़ के एक बड़े हिस्से पर चीन ने क़ब्ज़ा किया हुआ है। चीन ने लद्दाख़ के सीमावर्ती ज़मीन पर क़ब्ज़ा भी किया और इस क़ब्ज़े के कुछ ही दिनों बाद उसने अपने देश का एक नया मानचित्र भी जारी कर दिया, जिसमें अक्साईचिन जोकि भारत का हिस्सा है उसे चीन के क्षेत्र में दिखाया गया है। लद्दाख के स्थानीय लोग भी चिल्ला चिल्ला कर कह रहे हैं कि चीन ने लद्दाख़ की ज़मीन पर क़ब्ज़ा कर लिया है जिसमें बड़ा हिस्सा उनकी चरागाह भूमि का भी है। कई पूर्व सैन्याधिकारी अनेक राजनेता व विदेशी मामलों के जानकार बार बार इस बात को दोहराते रहे हैं कि चीन ने लद्दाख़ की हज़ारों किलोमीटर ज़मीन बलात दबा ली है। परन्तु इनसब आरोपों के जवाब में हमारे प्रधानमंत्री मोदी फ़रमाते हैं कि लद्दाख़ की एक इंच ज़मीन पर भी चीन ने क़ब्ज़ा नहीं किया है। प्रधानमंत्री के शब्दों में – न वहां कोई हमारी सीमा में घुसा हुआ है, न ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के क़ब्ज़े में है। प्रधानमंत्री मोदी तो चीन का नाम लेने तक से कतराते हैं। इसी विषय पर मोदी सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर के तो विचार ही निराले हैं। जयशंकर



यह तो स्वीकार करते हैं कि आज चीन सीमा पर शांतिकाल में हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है। वे यह भी बताते हैं कि सीमा पर आधारभूत संरचना ख़र्च को मौजूदा सरकार ने पांच गुना तक बढ़ाया है। परन्तु साथ ही वह यह भी कहते हैं कि –चीन भारत से बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम चीन से नहीं लड़ सकते।

इस वातावरण में भी सरकार द्वारा सफल विदेश नीति व सफल कूटनीति का दावा करना कैसे सही समझा जाये ? क्योंकि यदि सफल विदेश नीति और कूटनीति होती तो सीमा पर सैनिकों की तैनाती कम होती, शांति की स्थापना का रास्ता हमवार होता। सीमा पर युद्ध और सैन्य टकराव के हालात न होते।

भारत द्वारा लद्दाख़ सीमा पर अपनाये जा रहे ढुलमुल रवैय्ये का ही नतीजा है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर भी अपनी गिद्ध दृष्टि लगाई हुई है। पिछले दिनों उसने अरुणाचल प्रदेश को चीनी क्षेत्र का इलाक़ा बताते हुये वहां के तीस स्थानों के नाम बदल दिए हैं। इनमें से 11 रिहायशी इलाक़े, 12 पर्वत, 4 नदियां, 1 तालाब और पहाड़ों से निकलने वाला एक प्रमुख रास्ता शामिल है।

वैसे तो चीन पूरे अरुणाचल पर अपना दावा करता है परन्तु फ़िलहाल मुख्यत: उसकी बुरी नज़र तवांग इलाक़े पर टिकी हुई है।

तवांग अरुणाचल के उत्तर पश्चिम में स्थित हैं, जहां पर भूटान और तिब्बत की सीमाएं हैं। अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा राज्य है। इसके उत्तर व पश्चिमोत्तर में तिब्बत, पश्चिम में भूटान और पूर्व में म्यांमार के साथ इसकी सीमा है।

भारत के लिये अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर के सुरक्षा कवच की अहमियत रखता है। इन सबके बावजूद जहां भारत चीन के प्रति नर्म व उदासीन रवैय्या अपनाता दिखाई देता है वहीं चीन के हौसले इतने बुलंद हैं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग जी 20 सम्मेलन बीच में ही छोड़ कर अपने सैन्य मुख्यालय पहुँच जाते हैं और अपने सैनिकों को युद्ध के लिये तैयार रहने का आदेश भी दे देते हैं ?

निश्चित रूप से चीन की गिनती विश्व के विस्तारवादी देशों में होती है जोकि अपने सीमावर्ती देशों की ज़मीनों को अपनी सैन्य शक्ति की धौंस दिखाकर या उन्हें क़र्ज़ में डुबोकर या तो क़ब्ज़ा जमाता रहा है या उनपर अपना दावा ठोकता रहा है। भारत सहित पाकिस्तान, पूर्वी तुर्किस्तान, दक्षिणी मंगोलिया, तिब्बत, ताइवान, हॉन्गकॉन्ग व मकाउ जैसे देश इसी सूची में शामिल हैं।

लद्दाख़ व अरुणाचल प्रदेश में उभरे नये विवाद से पहले भी भारत की हज़ारों किलोमीटर ज़मीन पर चीन ने क़ब्ज़ा कर रखा है। परन्तु वर्तमान मोदी सरकार जोकि दुश्मन को लाल आँखें दिखाने की बात करती है, जिस सरकार के मुखिया स्वयं अपनी छाती की नाप छत्तीस इंच बताते हैं जो देश को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का दावा करते हैं जो दुश्मन को घर में घुसकर मारने की बातें करते हैं, उनसे निश्चित रूप से देश यही उम्मीद करता है कि वे चीन को भी अपनी छाती की नाप बताएं और लाल आँखों से उसकी तरफ़ भी देखें। आख़िर क्या वजह है कि प्रधानमंत्री के इस दावे के बावजूद कि न वहां (लद्दाख़ में) कोई हमारी सीमा में घुसा हुआ है, न ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के क़ब्ज़े में है, फिर भी लद्दाख के स्थानीय लोग ही यह कह रहे हैं कि कि चीन ने हमारी हज़ारों किलोमीटर ज़मीन क़ब्ज़ा कर रखी है ? क्या वजह है कि इसी बात को लेकर 7 अप्रैल को लद्दाख़ में मोदी सरकार की इन्हीं ढुलमुल नीतियों के विरुद्ध लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में पशमीना मार्च के नाम से जो बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा था, सरकार ने लद्दाख़ के लोगों की आवाज़ को दबाने व प्रदर्शन से निपटने के लिये लद्दाख़ में इंटरनेट बंद करने का आदेश जारी कर दिया ?

इतना ही नहीं बल्कि सरकार ने इस प्रदर्शन से घबराकर लद्दाख़ में धारा 144 भी लागू कर दी और हर प्रकार के प्रदर्शन व आंदोलन पर रोक लगा दी ? नतीजतन सोनम वांगचुक को सरकार व प्रशासन से किसी भी प्रकार के टकराव को टालने की ग़रज़ से प्रस्तावित प्रदर्शन को वापस लेना पड़ा। इस समस्या को छुपाने, दबाने, मीडिया ब्लैक आउट या झूठे बयानों से बात नहीं बनने वाली है।

देश को सच्चाई जानने का अधिकार है। बक़ौल मिर्ज़ा ग़ालिब – बे-ख़ुदी बे-सबब नहीं ग़ालिब । कुछ तो है जिस की पर्दा-दारी है।।

# स्वस्थ्य तन-मन का राष्ट्रीय विकास में अहम योगदान

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैद्य मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैद्य इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता हैद्य मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता हैद्य समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता हैद्य इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैद्य इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेद्य भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है।

इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैद्य इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाद्य फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55 प्रतिशत हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है।

स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुत: सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है।

## पथरीली राहों में भी राह बना लेते हैं लोग।

तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा लेते है लोग,
इस क़दर भी बेमेल जोड़ी बना लेते है लोग।

इतनी धूप इतनी रोशनी है ज़माने में यहाँ,
फिर भी अपना नकली चेहरा छुपा लेते है लोग।

ख़ुशी से मिलने की आरज़ू नहीं है जब दिल मे,
फिर भी फरेब के हाथ से हाथ मिला लेते है लोग।

पथरीली राहों मे फकीर चला था इसी विश्वास से,
पथरीली राहों में भी राह बना लेते हैं लोग।

दिलो में कोयले सी कालिख है जिन जनाबों के,
चेहरे पर फरेब की सफेदी लगा लेते है लोग।

आज तेरे शहर में भयानक उजाला है सूरज का,
ऐसे में अपने म्लान मनसूबे कैसे छुपा लेते है लोग।

अब उन्हें पहचानना मुश्किल है जो,
चेहरों पर नया चेहरा लगा लेते हैं लोग।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# क्या विश्व में तीसरी बड़ी जंग की आहट ?



इजराइल पर हमले की फिराक में ईरान, अमेरिका को भी चेतावनी

ईरान का वाशिंगटन को लिखित संदेश, लड़ाई से दूर रहने आगाह करना बड़े युद्ध की आशंका को रेखांकित करता है- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां देख रही है कि 24 फरवरी 2022 को रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला किया था हालांकि रूस इसे युद्ध नहीं स्पेशल सैन्य ऑपरेशन कहता है वह 2 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। दूसरी ओर 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुआ, हमास इजरायल युद्ध यानें अभी 7 माह से अधिक समय से चल रहा है। अभी दिनांक 6 अप्रैल 2024 से ईरान के इसराइल और अमेरिका जैसे देशों से युद्ध की सुबसुबाहट चल रही है, जिसनें उस समय गति पकड़ ली जब ईरान ने अमेरिका तक को चेतावनी दे दी वह भी लिखित संदेश देकर कि वाशिंगटन इस लड़ाई से दूर रहे, जिससे बड़े युद्ध की आशंका उत्पन्न हो गई है। बता दें कि दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के अनुभवी कमांडर और उनके डिप्टी सहित सात ईरानी मारे गए थे। इज़रायल ने वैसे तो पिछले कुछ महीनों के दौरान सीरिया में ईरान से जुड़ी संपत्तियों को कई बार निशाना बनाया है, हालांकि यह पहला मौका था जब किसी ईरानी राजनयिक भवन पर हमला हुआ। हमें यह रेखांकित करना होगा कि कोई अकेला देश यूं ही इतने लंबे समय तक युद्ध लड़ नहीं पाता है, उसके पीछे उसका पूरा संगठन होता है वैसे भी हम पूरे विश्व में देखते हैं कि दुनियां में अलग-अलग गुटों में बटे देशों ने अपना संगठन बना लिया है, फिर उसके सदस्य पर कोई आपत्ति या हमला होता है तो पूरा संगठन उसके साथ खड़ा हो जाता है। जैसे उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) इसके 33 देश सदस्य हैं। अफ्रीकी संघ (एयू) इसके 55 देश सदस्य हैं। यूरोपीय संघ (ईयु) इसके 27 देश सदस्य हैं। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) इसके 57 देश सदस्य हैं, जिसमें 48 देश मुस्लिम बाहुल्य देश हैं, जैसे अनेक कुछ अन्य भी संगठन है या फिर यह संगठन किसी भी अपने विचारधारा के अनुकूल वाले सिंगल देश के ऊपर हाथ रख देते हैं तो उसकी ताकत बढ़ जाती है, यही कारण है कि रूस-यूक्रेन और हमास-इजरायल युद्ध इतना लंबा चल रहा है, फिर अभी ऐसे ही स्थिति अब ईरान-इजरायल युद्ध होने की संभावना में देखा जा रहा है कि फिलहालइजरायल अमेरिका सहित कुछ देश हाई अलर्ट पर हैं, क्योंकि इसराइल पर हमले की फिराक में ईरान नजर आ रहा है औरअमेरिका को लिखित संदेश देकर वाशिंगटन को दूर रहने को आगाह किया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे क्या विश्व में तीसरी बड़ी जंग की आहत हो रही है ?

साथियों बात अगर हम विश्व में तीसरी बड़ी जंग होने की आहट की करें तो सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हवाई हमले के बाद से इलाके में तनाव चरम पर है। ईरान ने धमकी दी है कि उसे जवाबी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। इजरायली खुफिया एजेंसियों के अनुसार ईरान लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन के जरिए इजरायल को निशाना बना सकता है। इस डर से इजरायल के कई महत्वपूर्ण इलाकों में जीपीए सर्विस को ब्लॉक कर दिया है। इस बीच ब्रिटिश मीडिया ने ईरान को खास तौर पर डिजाइन किए गए इलेक्ट्रोमैग्नेटिक बम की ताकत बताकर धमकी दी है। विदेशी प्रिंट मीडिया के अनुसार इजरायल सैन्य संघर्ष की स्थिति में विशेष रूप से डिजाइन किए गए इलेक्ट्रोमैग्नेटिक बम से ईरान के इलेक्ट्रिक नेटवर्क को नष्ट कर सकता है। विदेशी पेपर में एक अमेरिकी विशेषज्ञ के हवाले से कहा गया है कि इस प्रकार के एक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक बम को जमीन के ऊपर विस्फोटित करने से एक इलेक्ट्रो मैग्नेटिक पल्स पैदा होगी, जो जमीन पर काम करने वाले सभी तकनीकी उपकरणों को बाधित कर देगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि तेहरान की परमाणु सुविधाओं पर संभावित हमले के संबंध में इजरायल द्वारा नई तकनीक के उपयोग को चर्चा में लाया गया था। ब्रिटिश अखबार ने कहा कि इस तरह का कदम ईरान को पाषाण युग में वापस भेज देगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस तरह का बम गामा किरणों को फैलाता है। इससे यह आसपास से इलेक्ट्रिक उपकरणों को जलाकर खाक कर देता है इतना तेज़ है।

साथियों बात अगर हम इलेक्ट्रोमैग्नेटिक बम को जानने की करें तो, इस बम को ई-बम के नाम से भी जाना जाता है। एक ऐसा हथियार है जो ऊर्जा की एक पल्स बनाने के लिए एक तीव्र विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र का उपयोग करता है। यह बम मनुष्यों या इमारतों को नुकसान पहुंचाए बिना इलेक्ट्रॉनिक सर्किटरी को प्रभावित करता है। यह पल्स अस्थायी रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम को अक्षम कर देता है। इसके अलावा कंप्यूटर और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टमों को ठप कर देता है। यह बम बहुत उच्च स्तर की इलेक्ट्रॉनिक सर्किटरी को पूरी तरह से नष्ट कर देता है। इस प्रकार यह बम कंप्यूटर, रेडियो और वाहनों में इग्निशन सिस्टम सहित बिजली का उपयोग करने वाली किसी भी प्रकार की मशीन को अक्षम कर देता है। यह बम इंसानों के लिए घातक नहीं होता है।

यह बम बिजली पर निर्भर किसी भी उपकरण को तबाह कर देगा। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इराकी सैटेलाइट टेलीविजन को नष्ट करने और प्रसारण कोबाधित करने के लिए 24 मार्च 2003 को एक प्रायोगिक ई-बम तैनात किया था। अमेरिका में, अधिकांश ई-बम अनुसंधान न्यू मैक्सिको में कि र्टलैंड वायु सेना बेस में वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला में किया गया है, जहां शोधकर्ता उच्च शक्ति माइक्रोवेव (एचपीएम) के उपयोग की खोज कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम ईरान के जंग में आने और अमेरिका को चेतावनी देने की करें तो, इजरायल और हमास के बीच पिछले कई महीनों से जारी जंग में अब ईरान सीधे-सीधे कूद सकता है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ईरान सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर संदिग्ध इजरायली हमले का जवाब देने की तैयारी कर रहा है और उसने अमेरिका से साइड हटने के लिए कहा है। वहीं मीडिल ईस्ट में ईरान के मुख्य प्रतिनिधि ने भी इजरायल को चेतावनी दी है कि वह युद्ध के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने अमेरिका को एक लिखित संदेश भेजा है, जिसमें उसे इजराइल के जाल में न फंसने की चेतावनी दी है।

उधर ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ ने इजरायली पीएम का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, अमेरिका को अलग हट जाना चाहिए ताकि आप पर आंच न आए। इस पत्र के जवाब में अमेरिका ने ईरान से अमेरिकी ठिकानों पर हमला नहीं करने को कहा है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका के हाई अलर्ट पर होने की करें तो, ईरान द्वारा कथित रूप से भेजे गए संदेश पर अमेरिका की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं आई है।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने जलती चिता से उठाई लड़की की लाश

अलीगंज, एटा। एटा में एक युवती की उसके पिता और भाई ने गोली मारकर हत्या कर दी। खेत में चोरी छिपे शव का अंतिम संस्कार करने लगे, तभी पुलिस पहुंच गई। पुलिस की गाड़ी देखते ही पिता और भाई फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने चिता से अधजला शव उठवा लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस को प्राथमिक जांच में युवती के पेट पर गोली लगने के निशान मिले हैं। पुलिस ने पिता और भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। आरोपी पिता और भाई परिवार समेत फरार हैं। घटना नयागांव थाना क्षेत्र के गाही गांव की है। लड़की का नाम सपना (20) था। पुलिस की पूछताछ में गांव के लोगों ने बताया, युवती का किसी लड़के से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसका उसके घरवाले विरोध कर रहे थे। शनिवार की दोपहर को घर में इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद अचानक गोली चलने की आवाज आई। इसके बाद लड़की के पिता और भाई उसे खून से लथपथ हालत में लेकर अस्पताल गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लड़की की मौत की भनक लगते ही पिता और भाई उसके शव को लेकर अस्पताल से भाग आए।

## थानाध्यक्ष और एसआई को किया गया सस्पेंड

**गाजीपुर।** गाजीपुर के पिछले दिनों रिश्वत लेने के मामले में एंटी करप्शन टीम द्वारा एफआईआर दर्ज होने के बाद थानाध्यक्ष और एसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी व एसआई आफताब को भ्रष्टाचार के आरोप के कारण निर्वाचन आयोग की अनुमति के उपरांत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई जारी है। साथ ही शहर कोतवाली के चौकी प्रभारी गोराबाजार शैलेन्द्र पाण्डेय को थानाध्यक्ष सादात नियुक्त किया गया है। बीते दो अप्रैल को वाराणसी से आई एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ दरोगा को गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन वाराणसी टीम ने सादात थाने में तैनात दरोगा आफताब अहमद को 25000 रुपए रिश्वत लेते परिसर से गिरफ्तार किया था। साथ ही सादात थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी के ऊपर भी मुकदमा दर्ज कर किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि उसकी कार 23 मार्च को पुलिस ने पकड़ी थी। जिसको रिलीज कराने के लिए एसडीएम के यहां रिपोर्ट भेजनी थी। जिसके एवज में दरोगा द्वारा 25000 रुपए की मांग की जा रही थी। शिकायतकर्ता ने परेशान होकर एंटी करप्शन वाराणसी टीम को सूचना दी। जिस पर टीम ने दरोगा को रंगे हाथों सादात थाना परिसर में धर दबोचा।

## आज से बंद हो जाएगा गोमती बैराज

**लखनऊ।** समता मूलक चौराहे से बालू अड्डे की तरफ जाने लोगों के लिए सोमवार से ट्रैफिक बदला रहेगा। सिंचाई विभाग गोमती बैराज के दो गेट पर मरम्मत काम कराएगा। इसकी वजह से 8 से 25 अप्रैल तक ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा ऐसे में अब वाहन समता मूलक चौराहे से 1090 होते हुए बालू अड्डा चौराहा या बैकुंठ धाम की तरफ जाएंगे। इसके लिए 1090 चौराहे से बालू अड्डे की तरफ जाने वाली सड़क शुरू कर दी गई है। अभी लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क को बंद कर रखा था। यहां भी काम हुआ था। सिंचाई विभाग के तीन बिन्दुओं पर मांगी गई रिपोर्ट भेजने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने बृहस्पतिवार को डायवर्जन की अनुमति दे दी है। बैराज के दो गेट खराब हैं, जिनमें से एक और नौ नंबर को बदला जाएगा। इसमें ढाई करोड़ का खर्च आएगा। इस पुल से प्रतिदिन करीब 50 हजार से ज्यादा गाड़ियों का गुजरना होता है। वन- वे होने की वजह से गाड़ियों की संख्या अभी कम है। एक समय गोमती नगर जाने वालों के लिए यह सबसे प्रमुख रास्ता हुआ करता था। जब अक्सर इस पर जाम भी लग जाता था। दरअसल, 7 मार्च रविवार को इकाना स्टेडियम में आईपीएल का काम होना है।

## सिद्धार्थनगर में आग ने मचाई तबाही

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर में डुमरियागंज थाना क्षेत्र में रविवार को आग ने एक बार फिर तबाही मचाई। आग से किसानों के गाढ़ी कमाई का करीब 600 बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया। काफी देर बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ब्रिगेड ने तीन घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बुढ़ियाटायर गांव के पूरब दोपहर करीब एक बजे आग की लपटें दिखी। तेज हवा के कारण थोड़ी देर में आग ने अपना विकराल रूप धारण कर तबाही मचाना शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही लोग अपने-अपने संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। तेज धूप, हवा और उठते धुआं के बीच करीब तीन घंटे अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया, तब तक क्षेत्र के बुढ़ियाटायर, अंदुआ शनिचरा, खुरपहवा, फत्तेपुर, रूद्रौलिया उर्फ रेड़वरिया गांव के किसानों की करीब 600 बीघा फसल जल कर राख हो गई। सूचना के बाद काफी देर से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई।

## पार्क की दीवार में मिला नवजात का शव

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जनपद के शमशाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिटी गार्डन पार्क की दीवार पर पॉलिथीन में एक नवजात का शव मिला। इससे लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस जा पहुंची मामले की जांच पड़ताल कर रही है। रविवार को शमशाबाद चौराहे के पास नगर पंचायत कार्यालय से बनी सिटी गार्डन पार्क की दीवार पर लोगों ने काले रंग की पॉलिथीन में एक नवजात का हाथ दिखाई दिया। वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पॉलिथीन में पुलिस को नवजात का शव मिला। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। पुलिस नेताओं का पांच नवंबर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। नवजात का शव मिलने के बाद लोगों में चर्चा रही। किसी ने एक दिन तो किसी ने नवजात को दो दिन का बताया। नवजात का शव देखकर सभी उसकी मां को कोसते नजर आए।

## बदायूं में बोलेरो ने महिला को रौंदा

**बदायूं।** बदायूं में बोलेरो गाड़ी की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। महिला मुन्नीदेवी बाइक पर सवार थी, लेकिन चलती बाइक से चप्पल गिरने के कारण बाइक रुकवाकर उसे उठाने गई थी। इसी दौरान यह हादसा हो गया। ड्राइवर गाड़ी को लेकर मौके से भाग निकला। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। हादसा उसावां थाना क्षेत्र के गांव हड़ौरा के पास हुआ। थाना मूसाझाग क्षेत्र के किशनी मेहरा गांव की रहने वाली 62 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी त्रिवेणी अपने भतीजे नेम चंद निवासी रिठिया गांव थाना हजरतपुर के साथ बाइक से रिठिया गांव जाने को निकली थीं। बताया जाता है कि हड़ौरा गांव के पास उनकी चप्पल पैर से निकल गई। इस पर उन्होंने भतीजे से बाइक रोकने को कहा और रोड पर पड़ी चप्पल उठाने चली गईं। परिजनों के मुताबिक मुन्नी चप्पल उठा रही थीं, इसी दौरान वहां से गुजर रही बोलेरो ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची लेकिन वहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर परिवार वाले भी वहां रोते-बिलखते पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

## पेड़ से लटका मिला ग्रामीण का शव

**बिजनौर।** बिजनौर के स्योहारा इलाके में आज उस उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब गांव के रहने वाले एक शख्स का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। व्यक्ति की मौत से परिवार में कोहरा मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। दरअसल यह पूरा मामला बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव जागीर का है। यहां के रहने वाले हेमराज (50) पुत्र दिलीप का शव रविवार की सुबह जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को पेड़ से उतारकर अस्तपताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हेमराज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हेमराज के परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

# यूपी में इस बार अच्छी बारिश के आसार

### पूर्वांचल के जिलों में 14 अप्रैल तक आंधी के साथ प्री मानसून की बरसात

कानपुर। प्रदेश में अभी मौसम का उतार-चढ़ाव बना हुआ है। यूपी समेत उत्तर भारत में जहां सुबह और शाम मौसम हल्के ठंडे हो रहे हैं। वहीं पूर्वी यूपी में 14 अप्रैल तक आंधी के साथ प्री मानसून बारिश के संकेत हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक इस बार अच्छी बारिश के आसार हैं। वर्ष 2023 में मजबूत अल नीनो के कारण औसत (868.6 मिमी.) से कम 820 मिमी. बारिश रिकॉर्ड हुई थी। इस बार इससे ज्यादा हो सकती है।



### प्रयागराज दूसरे दिन भी सबसे गर्म

मौसम विभाग के मुताबिक, प्रयागराज लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म शहर रहा।

यहां अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो गोरखपुर की रात सबसे गर्म रही, यहां 25.7 डिग्री तापमान दर्ज हुआ, जो सबसे अधिक रहा। प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

### पूर्वी यूपी के इन जिलों में बारिश के आसार

8 अप्रैल को चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, जौनपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर और बलिया में बारिश के आसार हैं। 9 अप्रैल को मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली के अलावा 10 अप्रैल को सोनभद्र, मिर्जापुर, प्रयागराज, कौशांबी, चित्रकूट, बांदा, फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, महोबा, झांसी और ललितपुर में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार बने हैं।

### प्री-मानसून बारिश की संभावना

सीएसए यूनिवर्सिटी, कानपुर के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक, धूल भरी आंधी और गरज वाले बादलों के साथ कहीं-कहीं मामूली प्री-मानसून की भी संभावना है। अगले 5 दिनों तक यूपी में हल्के से मध्यम बादल छाए रह सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मैदानी भागों में मॉश्चर फीड आ रहा है। बंगाल की खाड़ी, अरब सागर से कई विक्षोभ आ रहे हैं।

इसकी वजह से नम हवाएं लगातार आ रही है। इससे हाई क्लाउड भी बन रहे हैं। वहीं 10 अप्रैल से एक और पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र के करीब पहुंच रहा है। इससे प्रदेश में फिर बारिश के आसार बन सकते हैं।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अच्छी बारिश के लिए अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में अल नीनो की स्थिति को देख जाता है।

इस बार अल नीनो के प्रभाव से सागर ज्यादा गर्म नहीं होंगे। ये अच्छी बारिश के लिए मददगार साबित होते हैं। यूरेशिया में बड़े पैमाने पर हुई बर्फबारी से अलनीनो का इफेक्ट कम हुआ है।

# देवीपाटन चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर तैयारियां पूरी

बलरामपुर। देश की 51 शक्तिपीठों में से एक उत्तर प्रदेश के भारत नेपाल सीमावर्ती जिले बलरामपुर जिले के तुलसीपुर क्षेत्र के पाटन गांव में स्थित ऐतिहासिक देवीपाटन मन्दिर परिसर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से एक मास तक चलने वाले विशाल राजकीय मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि आगामी 09 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत से ही भारत के कोने कोने और नेपाल से लाखों श्रद्धालुओ की आमद के मद्देनजर उनकी सुविधा व सुरक्षा के सभी पुख्ता प्रबन्ध कर लिये गये है। मेलार्थियों के लिये प्रदर्शनी, सर्कस, देशी विदेशी झूले, श्रृंगार व अन्य वस्तुओं की दुकानों के साथ वाहनों की सुदृढ़ पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओ के सुचारू दर्शन के लिये कतारों को लेकर बैरिकेडिंग लगायी गयी है। डीएम के अनुसार, मेले में स्वच्छता, सुलभ शौचालयों, अस्थाई शौचालयों स्नानागारों, खोया पाया शिविर, स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय उत्पादों व अन्य सभी सम्बन्धित विभागों के उत्कृट कार्यो की भी प्रदर्शनी दर्शायी जायेगी। मंदिर के संरक्षक गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रत्येक देवीभक्त की सुख सुविधा व सेवा सुरक्षा के लिये विशेष मेला चौकी स्थापित करने के साथ गोरखपुर जोन के कई जनपदों से अतिरिक्त पुलिस के जवानों की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा नेपाल सीमावर्ती होने के कारण मन्दिर व दर्शनार्थियो की विशेष सुरक्षा के दृष्टिगत एसएसबी समेत सीमा सुरक्षा एजेंसियो व खुफिया तंत्र की चौकसी बढ़ाकर सीमा क्षेत्रों में रह रह अनौपचारिक लोगों की गहन पड़ताल कर उनकी पहचान करायी जा रही है।

# देवरिया पुलिस ने किया लूट कांड का खुलासा, चार बदमाश गिरफ्तार



देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के एसओजी व थाना गौरीबाजार पुलिस ने रविवार को लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट के दो लाख रूपयों के साथ 04 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से असलहे बरामद किये।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि गत 04 अप्रैल को अमर नमकीन फैक्ट्री गोरखपुर में कार्यरत गुलाब चन्द्र पुत्र स्व् टीकम दास देवरिया में दुकानदारों को नमकीन देकर उसके कलेक्शन का 02 लाख रूपया लेकर वापस गोरखपुर जा रहा था।

इस दौरान गौरीबाजार थाना क्षेत्र के मझला नाला पुल के पास मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने उसपर हमला कर 02 लाख रूपये लूट लिये गये थे। इसके बाद अज्ञात के विरूद्ध थाना गौरीबाजार पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। आज प्रभारी एसओजी देवरिया सादिक परवेज व थानाध्यक्ष गौरीबाजार दिनेश कुमार मिश्र मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर खरोह चौराहे के पास से 02 मोटरसाइकिल सवार 04 बदमाशों विवेक सागर पुत्र रामकुमार भारती साकिन वार्ड नं 16 अम्बेडकर नगर मिर्जापुर पचपेडवा निकट मातेश्वरी मन्दिर थाना गोरखनाथ, दीपक उर्फ दीपू पुत्र सुभाष साकिन उनौला दोयम निकट रेलवे स्टेशन उनौला थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर, शहनवाज पुत्र मन्नू साकिन वार्ड नं0 47 चकसा हुसैन थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर हाल मुकाम मिर्जापुर पचपडेवा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर व दुर्गेश कुमार पुत्र रामेश्वर साकिन बेलवा खोडवा टोला थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया।

## बस्ती : बुजुर्ग का शव कमरे मे लटकता हुआ मिलने से सनसनी

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे दुबौलिया थानाक्षेत्र के सैनिया उजी गांव मे रविवार को 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव कमरेमे रस्सी से लटकता हुआ मिलने से सनसनी फैल गयी। को पुलिस सूत्रो ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी राजेन्द्र सिंह उर्फ नरेन्द्रसिंह (70) साईकिल से सुबह टहलने के लिए निकले थे वापस आते समय नये मकानसैनिया उजी गांव में रूक गये और इधर परिवार के सदस्यों द्वारा उनका नाश्ते के लिए इन्तजार किया जा रहा था जब देर होने लगी तो उनका बेटा अजीतसिंह घर पर पहुंच कर देखा तो उनका शव रस्सी से लटक रहा था। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा घटना के बारे मे जानकारी किया जारहा है। परिजनो के तरफ से किसी के खिलाफ कोई तहरीर नही दी गयी है। पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद ही हत्या या आत्म हत्या का कारण पता चल सकेगा। गौरतलब हो कि राजेन्द्र सिंह उर्फ नरेन्द्र सिंह 10 वर्ष पहले सेना से रिटायर हुए थे और मिठाई, खोवा के बड़े व्यापारी थे।

# 12वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

### सहारनपुर में शाम को 2 युवक बाइक से ले गए; सुबह घर से 1 किमी दूर मिला शव

सहारनपुर। सहारनपुर में 12वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार शाम को 2 युवक उसे बाइक पर बैठाकर ले गए थे। आज सुबह घर से 1 किलोमीटर दूर खेत में उसका शव मिला। छात्र के सीने पर 2 गोलियों के निशान थे।

घरवालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, बाइक से आए 2 युवक कौन थे? पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। मामला थाना नकुड के सहसपुर जट्ट गांव का है।

### पहले फोन किया, फिर छात्र को बाइक से ले गए

मृतक छात्र का नाम आदित्य था। वह ऋह्न टैगोर विद्या पीठ मंदिर स्कूल में पढ़ता था। उसके पिता जोगिंदर सिंह किसान हैं। मृतक का एक और बड़ा भाई है। जोगिंदर सिंह ने बताया कि आदित्य के पास शनिवार देर शाम 8 बजे फोन आया। थोड़ी देर बाद 2 युवक बाइक पर आए।

आदित्य उनके साथ बाइक पर बैठकर चला गया। 11 बजे तक जब आदित्य घर नहीं लौटा, तो हमने उसे फोन किया। उसका फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद हमने आस-पास उसकी तलाश की। मगर उसका कहीं



पता नहीं चल पाया।

### गेहूं काटने गए ग्रामीण ने देखा शव

पिता ने बताया, रविवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे गांव के लोग गेहूं काटने खेतों में गए। वहां उन्होंने आदित्य का लहूलुहान शव देखा। वो लोग आदित्य को पहचानते थे, इसलिए उन्होंने मुझे फोन किया और घटना के बारे में बताया। मैं आनन-फानन में मौके पर पहुंचा। फिर पुलिस को सूचना दी।

### सीने में गोलियों के निशान थे

सूचना मिलने पर सीओ धर्मेंद्र गौतम भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव पेट के बल खेत में पड़ा था। पुलिस ने जब शव को पलटकर देखा, तो सीने पर दो गोलियों के निशान थे।

### पिता ने कहा- मेरी किसी के साथ रंजिश नहीं

जोगिंदर सिंह ने कहा, मेरी किसी के साथ कोई रंजिश नहीं है। बेटे का 18 अप्रैल को जन्मदिन था। मगर उसकी हत्या कर दी। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि जिस जगह युवक का शव मिला है।

वहां पर उसका मोबाइल नहीं मिला है। कॉल डिटेल में जिन नंबरों से कॉल आई है। उनमें से कुछ नंबर को बंद है। कुछ युवकों से पूछताछ चल रही है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

### 3 पॉइंट्स पर पुलिस की जांच

पुलिस को आशंका है कि छात्र का स्कूल में किसी से विवाद चल रहा था। इसके बाद ही वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस की प्राथमिक जांच में नशे की बात भी सामने आ रही है। इस एंगल पर जांच चल रही है। आशंका है कि नशे में छात्र का आरोपियों से विवाद हुआ। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

आरोपियों ने छात्र को फोन किया, फिर उसे घर ले गए। इसलिए पुलिस को प्री-प्लांड मर्डर का शक है।

# अमृत और घर घर नल से जल योजना के बावजूद विंध्य क्षेत्र में पेयजल संकट

मिर्जापुर। अमृत एवं घर घर नल जल योजना के बावजूद उत्तर प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में पेयजल संकट जस का तस बना हुआ है।

पेयजल संकट एवं सूखा के मद्देनजर विंध्याचल मंडल के कमिश्नर मुथुकुमार स्वामी ने जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की है। उन्होंने समीक्षा करके जिले स्तर पर पेय जल संकट से निपटने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने साथ ही साथ सिंचाई, नहर, जल निगम एवं नमामि गंगे सहित अन्य संबंधित विभागो को एलर्ट मोड़ में रहने के आदेश दिए हैं।

असल में गर्मी के साथ विंध्याचल के पहाड़ी एवं जंगली इलाकों में पेयजल संकट हर साल की बात है। विशेष कर हलिया लालगंज एवं मड़िहान में संकट कुछ ज्यादा ही रहता है।

यहां आदमी के साथ पशु और पक्षी भी पानी के लिए बेहाल हो जाते हैं।



इन क्षेत्रों में टैंकर एवं अन्य तरीके से गांवों में पानी पहुंचाया जाता है। भले ही यह बात आश्चर्य जनक लगे, परंतु कुछ गांवों में पानी के लिए बाकायदा कार्ड वितरित किए जाते हैं।

जिसमें यूनिट के अनुसार पानी का तेल के जैसे वितरण किया जाता है। इस साल मार्च-अप्रैल में ही भीषण गर्मी से जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। चुनाव को देखते हुए सक्रियता कुछ और तेज हो गई है।

विंध्याचल मंडल के कमिश्नर मुथुकुमार स्वामी ने बड़ी बैठक की जिसमें मिर्जापुर एवं सोनभद्र के जिलाधिकारी सहित जिले के सभी आला अफसर शामिल रहे। बैठक में सिंचाई, नहर, जल निगम, नमामि गंगे एमसीडी सहित सभी विभागों के बड़े अधिकारी मौजूद थे। कमिश्नर ने बताया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को पेयजल संकट एवं सूखे से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि बंधों से रिजर्व पानी को नहर द्वारा छोड़े जाने के भी आदेश दिए गए हैं।

खराब नलकूपों की मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। हैंडपंपों के रीबोर और नये हैंडपंपों का अधिष्ठापन किया जाएगा। टैंकरों द्वारा अतिसंवेदनशील गांवों में पानी पहुंचाया जाएगा। मिर्जापुर जिले के अतिसंवेदनशील 80 गांव चिन्हित किए गए हैं।

कमिश्नर द्वारा खुद अधिकारियों के साथ बंधों एवं नलकूपों आदि का स्थलीय निरीक्षण गंभीरता को बयां कर रहा है। अभी अगर स्थिति यह है तो मई जून में क्या होगा लोगों में चिंता का भाव है।

## अमरोहा में 10 करोड़ का मिथाइल अल्कोहल बरामद

अमरोहा। अमरोहा के जोया टोल प्लाजा पर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार की रात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मिथाइल अल्कोहल से भरे दो टैंकरों को पकड़ा है। दोनों टैंकर राजस्थान से उत्तराखंड जा रहे थे। साथ ही टीम ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है तस्करों ने टैंकरों में इथेनॉल की जगह मिथाइल अल्कोहल भर रखा था। जिसकी कीमत लगभग दस करोड़ है। लोकसभा चुनाव के चलते आबकारी जिला अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय के निर्देश पर आबकारी पुलिस जोया टोल प्लाजा पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो टैंकरों को रोका। टैंकरों को चेक करने पर टैंकरों में इथेनॉल की जगह मिथाइल अल्कोहल भरा मिला। बता दें कि मिथाइल अल्कोहल जहर की श्रेणी में आता है। दोनों टैंकरों में 40-40 हजार लीटर मिथाइल अल्कोहल भरा था। मिथाइल अल्कोहल की कीमत बाजार में करीब दस करोड़ रुपए बताई जा रही है।

# रिहायशी छप्पर में लगी आग में ढाई वर्षीय बालिका की मौत

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के दुधारा थाना क्षेत्र के बाघनगर गांव में रविवार को अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग के कारण ढाई वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, वहीं आधा बकरियां भी जलकर राख हो गयीं।

आग को देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक दुधारा पंकज कुमार पांडेय और चौकी इंचार्ज बाघनगर संजय कुमार यादव तथा हलका लेखपाल संजय कुमार मिश्रा ने घटना की जानकारी लेने के साथ नुकसान की स्थिति का आकलन किया।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि रविवार को पूर्वाह्न लगभग 11 बजे बाघनगर गांव निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ लल्ला पुत्र रोजन के रिहायशी छप्पर में अचानक आग लग गयी। घटना के समय गृहस्वामी पत्नी के साथ खेत में सरसों पीट रहा था। घर पर बच्चे अकेले थे। बच्चे जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया और आग की चपेट में ढाई वर्षीय मासूम रहनुमा खातून आ गयी जो कि घटना के वक्त सो रही थी। वहीं एक अन्य बालिका लगभग सात वर्षीय मिस्बाह भी झुलस गयी। शेष अन्य चार बच्चे किसी तरह आग की लपट से बाहर आ गये लेकिन तब तक लगभग आधा दर्जन बकरियों ने भी आग की चपेट में आकर दम तोड़ दिया।

पीड़ित के कुल छह बच्चे हैं। जिनमें पांच बेटी और एक बेटा है। मृतका सबसे छोटी थी। आग ने इस दौरान बगल में स्थित दूसरे भाई तबारक हुसेन के रिहायशी छप्पर को चपेट में ले लिया। आग के कारण घर में रखे कपड़े, अनाज, बर्तन, बिस्तर, चारपाई समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। मृतक बालिका का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रधान प्रतिनिधि मुनीर आलम का कहना है कि पीड़ित काफी गरीब है तथा मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है।

# बाराबंकी : बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से मचा हडकंप

बाराबंकी। बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में रविवार को बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया और आनन-फानन में ट्रेन को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में रोककर उसकी पूरी तलाशी ली गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आज सुबह सूचना मिली कि बरौनी - ग्वालियर एक्सप्रेस में बम है। बम की सूचना से हड़कंप मच गया। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ते ने तलाशी की। ट्रेन को करीब 50 मिनट रोका गया। सभी बोगियों में बम की सघन तलाशी की गई। हालांकि सूचना गलत पाई गई। तलाशी में ऐसी कोई सामग्री नहीं निकली।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी नाथ ने बताया कि आज सुबह 9: 32 पर सूचना मिली कि ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस में बम है।

# अखिलेश ने मुख्तार अंसारी के परिजनों से मिल प्रकट की शोक संवेदना

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को बाहुबली नेता और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के यहां स्थित पैतृक निवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोकसंवेदना प्रकट की।

इस दौरान अखिलेश यादव द्वारा मुख्तार के मौत को असामान्य बताते हुए हत्या और साजिश बताया। उन्होंने सरकार द्वारा गठित किसी भी न्यायिक जांच टीम पर अविश्वास जताते हुए



इस घटना कि जांच सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज की निगरानी में कराए जाने की मांग उठाई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश रविवार को हेलीकॉप्टर से यूसूफपुर मोहम्मदाबाद स्थित शहीद इंटर कॉलेज के मैदान पहुंचे, जहां से वह सड़क मार्ग द्वारा मुख्तार अंसारी घर पहुंचे। जहां मृतक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी व मुख्तार अंसारी के पुत्र उमर अंसारी सहित सभी परिजनों से मिलकर अखिलेश ने शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान मुख्तार अंसारी के भतीजे व सपा विधायक शोएब अंसारी 'मन्नू' भी अखिलेश के साथ रहे। अखिलेश के यूसूफपुर मोहम्मदाबाद पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के सभी विधायक व संगठन के लोग भी मौजूद रहे।

## शार्ट न्यूज

### कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद यूरोप से मिली भारत के वस्तु निर्यात को राहत

कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद साल 2023 में यूरोप ने भारत के वस्तु निर्यात को सहारा दिया, जबकि कुल मिलाकर निर्यात में कमी आई है। 2023 में यूरोप के देशों को होने वाला निर्यात पिछले साल की तुलना में 2 प्रतिशत बढ़कर 98 अरब डॉलर हो गया। वहीं इस दौरान कुल मिलाकर वस्तु निर्यात 2023 में पिछले साल की तुलना में 4.8 प्रतिशत गिरा है। यूरोप के जिन देशों में निर्यात बढ़ा है, उनमें यूरोपीय संघ (ईयू) के 27 देश, यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के 4 देश और यूरोप के 7 और देश शामिल हैं। यूरोप के देश मंदी के कगार पर थे और उनकी आर्थिक वृद्धि बहुत धीमी रही। उसके बावजूद भारत से होने वाला निर्यात बढ़ा है। हालांकि यह वृद्धि बहुत कम थी। एक सरकारी अधिकारी ने बिज़नेस स्टैंडर्ड से बातचीत में कहा, 'भारत के निर्यातकों को यूरोप को वस्तु निर्यात में झिझक नहीं दिखानी चाहिए, जो क्षेत्र के मुताबिक भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है।' 2023 में ईयू को होने वाला निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2.05 प्रतिशत बढ़कर 75.18 अरब डॉलर हो गया, जबकि ईएफटीए देशों को निर्यात 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.88 अरब डॉलर हो गया है। वहीं यूरोप के अन्य देशों को होने वाला निर्यात 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21.56 अरब डॉलर हुआ है, जिसमें ब्रिटेन (यूके) और तुर्की जैसे बड़े बाजार व 5 अन्य देश शामिल हैं।

### ग्राहकों का और बढ़ेगा भरोसा, 1 साल में सुधरी लोगों की आमदनी- रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मार्च 2024 में कराए गए सर्वे के मुताबिक उम्मीद उच्च स्तर पर रहने के कारण आने वाले वर्ष के लिए उपभोक्ताओं के विश्वास में सुधार हुआ है। इसकी वजह से फ्यूचर एक्सपेक्टेशन इंडेक्स 2.1 अंक बढ़कर 125.2 पर पहुंच गया है, जो 2019 के मध्य के बाद का उच्चतम स्तर है। आम आर्थिक स्थिति और रोजगार के हिसाब से मौजूदा साल और आगामी साल के लिए परिवारों की धारणा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसकी वजह से विवेकाधीन खर्च में भी सुधार हुआ है। रिजर्व बैंक के सर्वे में शामिल लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि एक साल पहले की तुलना में उनकी आमदनी सुधरी है और उम्मीद है कि आने वाले साल में इसमें और सुधार होगा। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति की समीक्षा के साथ अपने द्विमासिक उपभोक्ता विश्वास सर्वे (ष्टष्टस्) के मार्च 2024 के परिणाम जारी किए। रिजर्व बैंक ने अपने बयान में कहा कि सर्वे में मौजूदा साल के बारे में धारणा के साथ अगले साल की उम्मीदों के बारे में जानकारी मांगी गई, जिसमें सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार की स्थिति, कुल मिलाकर कीमत की स्थिति, आमदनी और खर्च की स्थित शामिल है। यह सर्वे 19 प्रमुख शहरों में कराया गया।

### बिजली मंत्री ने मुफ्त बिजली देने के लिए कर्ज लेने पर सचेत किया

बिजली मंत्री आर के सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन की लागत होती है, और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है, तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा। सिंह ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वह राज्यों से कहते रहे हैं कि बिजली मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा, अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों पर पहले ही बहुत कर्ज है, वह भी ऐसे लोकलुभावन उपायों का सहारा ले रहे हैं, और उन्हें बिजली संयंत्रों को भुगतान करने के लिए अधिक कर्ज लेना पड़ रहा है। इसके चलते वे ऋण के जाल में फंस गए हैं। ऐसा करने वाले राज्यों के नाम पूछने पर उन्होंने पंजाब का नाम लिया। उन्होंने कहा कि पंजाब में आप सरकार ने पहले दो वर्षों में 47,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया, जिससे राज्य पर कर्ज का बोझ और बढ़ गया।

### भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़ा

भारत का कोयला आयात फरवरी 2024 में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा। इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2024 में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। फरवरी में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था। एमजंक्शन ने कहा, कोकिंग कोयले का आयात फरवरी में बढ़कर 45.6 लाख टन रहा, जबकि पिछले साल फरवरी में यह 44 लाख टन था। ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने कहा कि देश का कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

# खुदरा महंगाई और तिमाही नतीजे से तय होगी बाजार की चाल

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह चाल अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर रुख, खुदरा महंगाई और कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 596.87 अंक अर्थात 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74248.22 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 186.8 अंक यानी 0.84 प्रतिशत मजबूत होकर 22513.70 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली देखी गई, जिससे बाजार को बल मिला। मिडकैप 1508.42 अंक अर्थात 3.84 प्रतिशत की उड़ान भरकर सप्ताहांत पर 40830.54 अंक हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप 2866.37 अंक यानी 6.64 प्रतिशत उछलकर 46032.71 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में इस वर्ष मार्च में रोजगार के आंकड़े मजबूत रहे।

इससे ब्याज दरों में कटौती शुरू करने में और विलंब होने की संभावना है। साथ ही फेडरल रिजर्व आगे जारी होने वाले महंगाई आंकड़े का भी इंतजार कर सकता है।

अगले सप्ताह फेड के रुख का बाजार पर असर रहेगा। इसके अलावा ईरान और इजरायल के बीच झड़प से कच्चे तेल की कीमत, डॉलर इंडेक्स और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह पर भी बाजार की नजर रहेगी।



स्थानीय स्तर पर मार्च के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और टीसीएस समेत कई दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के परिणाम जारी होने वाले है। अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 135.10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ।

वहीं, विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पिछले दिवस के रिकॉर्ड भाव पर कोटक बैंक, एचसीएल टेक, आईसीआईआई बैंक और मारुति समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी मंगलवार को थम गई।

सेंसेक्स 110.64 अंक की गिरावट लेकर 73,903.91 अंक और निफ्टी 8.70 अंक फिसलकर 22,453.30 अंक पर रहा। इसी तरह विदेशी बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, ऑटो, एफएमसीजी और सर्विसेज समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक और निफ्टी 18.65 अंक फिसलकर 22,434.65 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में निवेशकों के नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने की उम्मीद में आईटी, सीडी, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत तेरह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर शेयर बाजार ने गुरुवार को ऊंची छलांग लगाई। सेंसेक्स 350.81 अंक उछलकर 74,227.63 अंक और निफ्टी 80.00 अंक की बढ़त लेकर 22,514.65 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिका में ब्याज दर समायोजन को लेकर कायम अनिश्चितता से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के करीब आधी फीसदी तक टूटने से शुक्रवार को शेयर बाजार का रुख कमजोर रहा।

सेंसेक्स 20.59 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,248.22 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर सपाट बंद हुआ।

# सरकारी कोटे पर गेंहू की खरीद जारी लेकिन खुले बाजार में मिल रहे ज्यादा दाम

**कोटा।** राजस्थान के कोटा संभाग में भारतीय खाद्य निगम मंडल के अधीन पांच राजस्व जिलों में सहकारी केंद्रों पर गेहूं की खरीद जारी है लेकिन खुले बाजार में किसानों को अच्छे दाम मिलने के कारण पर्याप्त गेंहू सरकारी केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय कोटा के अधीन राजस्व जिला कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड एवं सवाई माधोपुर में इस वर्ष रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य के तहत गेंहू की खरीद के लिए निगम को 35 केंद्र तथा राज्य एवं अन्य केन्द्रीय एजेंसियों को 124 केंद्र आवंटित किये हैं, जिनमें समर्थन मूल्य गेंहू खरीद कार्य किया जाना है लेकिन अब तक 1928 किसानों ही उनकी उपज बेचने



के लिए इन केंद्रों पर पहुंचे है जबकि पूर्व में अच्छे भाव मिलने की उम्मीद में 27 हजार 934 किसानों ने खरीद के लिए पंजीकरण करवा लिया था। हालांकि पंजीकरण का काम अभी भी चल रहा है एवं 25 जून तक जारी रहेगा। निगम के खरीद केंद्रों पर अपेक्षा से कम किसानों के अपनी उपज बेचने के लिए पहुंचने की बड़ी वजह यह बताई जाती है कि भारत सरकार ने इस वर्ष गेंहू का समर्थन मूल्य 2,275 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है जिसके ऊपर 125 रूपये प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया है। इस हिसाब से किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रूपये का भुगतान होगा जबकि खुले बाजार में किसानों को नये गेंहू के दाम 2350 से 2800 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहे है और किसानों को उनकी बेची हुई जिंस का व्यापारी-आढ़तिये भुगतान भी हाथों-हाथ कर रहे हैं।

हालांकि भारतीय खाद्य निगम की ओर से यह दावा किया गया है कि कृषि उपज बेचने आने वाले किसानों को उनकी बेची उपज का भुगतान भी 48 घंटों में उनके आधार लिंक खाते में जमा करवा दिया जाएगा और अब तक 1928 किसानों को उनकी उपज 15 हजार 991 एमटी का तुरंत समय पर भुगतान कर दिया गया है। अभी तक लगभग 18.47 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया चुका है।

### टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों में 4 का मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

देश की टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों में चार ने पिछले सप्ताह अपने बाजार मूल्यांकन में 1,71,309.28 करोड़ रुपये जोड़े। इनमें एचडीएफसी बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को सबसे अधिक लाभ हुआ। दूसरी ओर, शीर्ष 10 कंपनियों के समूह में छह कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 78,127.48 करोड़ रुपये घट गया। इनमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 596.87 अंक या 0.81 फीसदी चढ़ा। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और एलआईसी को लाभ हुआ। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर को नुकसान उठाना पड़ा। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 76,880.74 करोड़ रुपये बढ़कर 11,77,065.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी ने 49,208.48 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका मूल्यांकन 6,27,692.77 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 34,733.64 करोड़ रुपये बढ़कर 14,39,836.02 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,486.42 करोड़ रुपये बढ़कर 6,82,152.71 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी ओर बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 38,462.95 करोड़ रुपये घटकर 19,75,547.68 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और आईटीसी को भी बाजार मूल्यांकन में गिरावट का सामना करना पड़ा। बाजार मूल्यांकन के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और एलआईसी का स्थान रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में जबरदस्त बढोतरी होने से 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 642.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 570.62 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 7.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

# अधिकांश खाद्य तेल महंगे; दालों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में जबरदस्त तेजी के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल महंगे हो गए जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 222 रिंगिट उबलरक 4550 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की बढ़त के साथ 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 220 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये, सूरजमुखी तेल 146 रुपये और सोया रिफाइंड 146 रुपये प्रति क्विंटल महंगा



हो गया जबकि पाम ऑयल में 66 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12234 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20000 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10622 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 150 रुपये और दाल चना 150 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि मसूर दाल 50 रुपये और उड़द दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगी रही। वहीं, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10250-10350, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमत पुराने स्तर पर टिकी रही। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# 2031-32 तक देश की पनबिजली क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी

नई दिल्ली। वर्तमान में निर्माणाधीन 15 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ, देश अपनी पनबिजली क्षमता में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। यह वर्तमान के 42 गीगावॉट से बढ़कर 2031-32 तक प्रभावशाली तरीके से 67 गीगावॉट हो जाएगा, यानी इसमें 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

भारत अपने ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के शिखर पर है, क्योंकि विद्युत मंत्रालय ने पनबिजली परियोजनाओं की प्रगति की घोषणा की है, जो देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को काफी हद तक बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

विद्युत मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुकूल मानसून की भविष्यवाणी की है, जिससे जलाशय के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है।

विशेष रूप से महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलने से भी मदद मिलेगी। यह जलविद्युत परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करता है।

नतीजतन, तापमान में किसी भी वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने में वृद्धि इन परियोजनाओं की क्षमता को और मजबूत करेगी।

पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स , जिन्हें अक्सर वाटर बैटरी कहा जाता है, देश के ऊर्जा संचरण के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

ग्रिड को अधिक जड़ता और संतुलन शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से ये परियोजनाएं वर्तमान में 2.7 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ निर्माणाधीन हैं, जबकि अतिरिक्त 50 गीगावॉट विकास के विभिन्न चरणों में है।

### विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने इस्तीफा दिया श्रीनिवास पल्लिया होंगे नए सीईओ

विप्रो ने शनिवार को अपने सीईओ थिएरी डेलापोर्टे के इस्तीफे की घोषणा की और श्रीनिवास पालिया को तत्काल प्रभाव से नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया। शनिवार को हुई बैठक में कंपनी ने कहा कि डेलापोर्टे का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

उन्हें 31 मई 2024 को सेवा मुक्त कर दिया जाएगा। बैठक में निदेशक मंडल ने 7 अप्रैल से कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के रूप में श्रीनिवास पल्लिया की नियुक्ति को मंजूरी दे दी।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में वीणा डेवलपर्स की 36.66 करोड़ की संपत्ति अटैच

प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत आरोपी राकेश वधावन और सारंग वधावन से संबंधित बैंक धोखाधड़ी मामले में वीणा डेवलपर्स की 36.66 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। ईडी ने इससे पहले 244.36 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। मामले में अब तक कुल जब्ती 281.02 करोड़ रुपये की हो चुकी है।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा, बैंक धोखाधड़ी का मामला हाउसिंग डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटरों राकेश वधावन और सारंग वधावन व मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के मामले से जुड़े अन्य लोगों से संबंधित है।

धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क की गई संपत्तियां वाणिज्यिक हैं। इसमें मुंबई में में लगभग 22,366 वर्ग फुट की दो कार्यालय इकाइयां और महाराष्ट्र के पालघर में स्थित दुकानें शामिल हैं।

### महाराष्ट्र : रिश्वत लेने के आरोप में ईपीएफओ के दो कर्मी गिरफ्तार

महाराष्ट्र के ठाणे में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दो कर्मचारियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, रविकुमार तुकाराम तेलवाडे और सहायक निदेशक, धीरेंद्र सतेंद्र मिश्रा ने शिकायतकर्ता से मामला रफा-दफा करने के लिए दो लाख रुपये की मांग थी।

एक अधिकारी ने बताया, शिकायतकर्ता कार धोने का कारोबार करता था, लेकिन उसने इसके बंद होने के बारे में ईपीएफओ को सूचित नहीं किया और अपने कर्मचारियों का पीएफ योगदान भी ईपीएफओ के पास जमा नहीं किया।

इस बीच ईपीएफओ ने शिकायतकर्ता को अपने कर्मचारियों से कटौती के लिए 7,69,104 रुपये की वसूली और राशि पर जुर्माने का नोटिस भेजा। मामले को खत्म करने के लिए आरोपी एक लाख रुपये मांग रहे थे। इसके बाद शिकायतकर्ता ने एजेंसी को सूचित किया और जाल बिछाकर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

### आयकर विभाग ने माकपा का खाता फ्रीज किया, जमा हैं 4.8 करोड़

आयकर विभाग ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के त्रिशूर जिला कमेटी का बैंक खाता फ्रीज कर दिया है। कार्रवाई इसलिए की गई है, क्योंकि वार्षिक आयकर रिटर्न में इस खाते की जानकारी नहीं दी गई थी। आयकर विभाग ने शुक्रवार को त्रिशूर स्थित बैंक की शाखा में जाकर पार्टी के खाता से जुड़े लेनदेन की जांच की थी। यह खाता 1998 में खोला गया था और इसमें 4.8 करोड़ रुपये जमा हैं।

आयकर विभाग ने माकपा नेतृत्व को आयकर भुगतान के दस्तावेज जमा कराने के बाद खाते से पाबंदी हटाने की सूचना दी है। इस बीच पार्टी ने कहा है कि उसके बैंक खाते में कोई बेहिसाबी धन नहीं है।

पार्टी ने कहा कि उसने पूरी पारदर्शिता रखी है और निर्वाचन आयोग को बैंक खाते, जमा धन और लेनदेन की जानकारी पहले ही दे दी है।

# खत्म नहीं हो रही विस्तारा की मुश्किल, कम की 10 प्रतिशत उड़ानें

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कुछ दिनों से विस्तारा एयरलाइंस में पायलट्स की कमी का असर साफ तौर पर दिख रहा है। रविवार को विस्तारा ने कहा कि वह अपनी क्षमता में 10 प्रतिशत या लगभग 25-30 उड़ानें प्रतिदिन कम कर रही है।

दरअसल विस्तारा एयरलाइंस पायलट्स की कमी से जूझ रही है और उड़ानों को स्थिर करने का प्रयास लगातार जारी है। बता दें कि विस्तारा एयरलाइंस को 31 मार्च से हर दिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करनी थीं।

### विस्तारा ने 10 प्रतिशत कम की उड़ानें

विस्तारा का कहना है कि हम सावधानीपूर्वक प्रतिदिन लगभग 25-30 उड़ानों तक कम कर रहे हैं। यानी लगभग 10 प्रतिशत उड़ानें कम की जा रही हैं।

एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि रोस्टरों में बहुत लचीलेपन और बफर देने करने की आवश्यकता है।

### डीजीसीए की घटनाक्रम पर है नजर

डीजीसीए की भी इस पूरे मामले पर नजर है। यही वजह है कि डीजीसीए ने विस्तारा एयरलाइंस से बड़ी संख्या में फ्लाइट्स कैंसिल होने पर जवाब मांगा था। साथ ही डीजीसीए ने पायलट्स के विरोध को देखते हुए नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को लागू करने पर फिलहाल रोक लगा दी है और इन पर और चर्चा करने को कहा है। नए नियम 1 जून से लागू होने थे।

### घरेलू नेटवर्क पर ज्यादा असर

रद्दीकरण का असर ज्यादातर घरेलू नेटवर्क में देखा जा रहा है। विस्तारा का कहना है कि ग्राहकों की असुविधा कम करने के लिए उन्हें समय से पहले ही सूचित किया जा रहा है।

सभी प्रभावित यात्रियों को पहले ही अन्य उड़ानों में समायोजित कर दिया गया है।


बता दें कि इस सप्ताह की शुरुआत में कई पायलटों की तबीयत खराब होने के कारण कंपनी को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

शुक्रवार को विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि उड़ानें रद्द होने का मुख्य कारण बढ़ा हुआ रोस्टर है। बीते गुरुवार को विस्तारा एयरलाइंस के पायलट्स ने थकान की शिकायत की थी और इसका सीधा असर सुरक्षा पर पड़ता है।

पायलट्स का कहना है कि वह अधिकतम फ्लाइट ड्यूटी की सीमा तक पहुंच गए हैं और थकान की वजह से वे जल्दी जल्दी बीमार हो रहे हैं। विस्तारा एयरलाइंस के कई पायलट बीमार बताए जा रहे हैं। वहीं कई एयर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय के बाद लाए जाने वाले सैलरी स्ट्रक्चर से खुश नहीं हैं और इसका विरोध कर रहे हैं।

## शॉर्ट न्यूज

### मोहम्मडन एससी ने शिलांग लाजोंग एफसी को हराकर जीता आई-लीग खिताब



शिलांग। मोहम्मडन एससी ने शिलांग लाजोंग एफसी को हराकर पहली बार आई-लीग 2023-24 का खिताब अपने नाम किया। एसएसए स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मुकाबले में मोहम्मडन एफसी ने शिलांग लाजोंग एफसी को 2-1 से हराया। हाफ टाइम तक टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। मोहम्मडन एफसी के लिए एलेक्सिस नहुएल गोमेज ने पहले ही मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी थी। उसके बाद शिलांग एफसी के डगलस रोजा टार्डिन ने 15वें मिनट में गोलकर स्कोर को बराबरी पर ला दिया। एवगेनी कोजलोव ने दूसरे हाफ में विजयी गोल दाग कर मोहम्मडन को खिताब दिलाया।

### शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर

**लंदन।** लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 से रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर थी। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है। खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मुकाबला काफी रोचक हो गया। हालांकि मैकएलिस्टर ने बेहतरीन गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिला दी। लिवरपूल के कोच जुर्गेन क्लॉप ने कहा कि हमें काफी गहराई तक जाना पड़ा, लेकिन यह सामान्य बात है। हमारा रवैया अच्छा था, लेकिन हमने कई मौकों पर अच्छी फुटबाल नहीं खेली। रविवार को लिवरपूल का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कठिन मुकाबला होगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में ओलंपिक तैयारियों को पुख्ता करेगा भारत

पर्थ। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस सीरीज से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया को पेरिस ओलंपिक के पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में पूल बी में रखा गया है। दोनों टीमें दो अगस्त को अपने अंतिम ग्रुप मैच में भिड़ेंगी। पेरिस ओलंपिक की 16 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के लिए युवा खिलाड़ियों के लिए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण होगी। मुकाबले छह, सात, दस, 12 और 13 अप्रैल को खेले जाएंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा। भारत ने आखिरी बार 2014 में विदेश में टेस्ट सीरीज जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में हैं लिहाजा टेस्ट सीरीज के जरिये दोनों को एक-दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।

### एथलेटिक बिलबाओ ने जीता कोपा डेल रे खिताब

स्पैनिश क्लब एथलेटिक बिलबाओ ने 24वीं बार कोपा डेल रे खिताब जीता। 1984 के बाद से यह टीम का पहला खिताब है। शनिवार रात टीम ने सेविया के मैदान पर मलोर्का को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। एथलेटिक के गोलकीपर जुलेन एगिरेजबाला ने मैनुअल मोरलेन्स द्वारा पेनल्टी बचाई। जबकि मलोर्का के नेमांजा रेडोनजिक ने गोल पोस्ट से दूर शॉट लगाया। एथलेटिक की ओर से राउल गार्सिया, इकर मुनिएन, मिकेल वेस्गा, और एलेजांद्रो बेरेंगुएर ने पेनल्टी स्कोर की। सभी खिलाड़ी सब्स्टिट्यूट थे। एथलेटिक ने अपना 23वां और आखिरी कोपा 1984 में जीता था। तब से वह 2020 और 2021 सहित लगातार छह फाइनल हार चुका है। इस साल जीतने के लिए, टीम ने पहले क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना और सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड को हराया फाइनल में फुल टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। डानी रोड्रिज ने 21वें मिनट में मैलोर्का को बढ़त दिलाई और एथलेटिक के ओइहान सैंसेट ने 50वें मिनट में स्कोर बराबरी पर ला दिया। एक्स्ट्रा टाइम तक स्कोर लाइन चेंज नहीं हुई और गेम पेनल्टी तक चला गया। कोपा डेल रे स्पैनिश फुटबॉल का डोमेस्टिक नॉकआउट टूर्नामेंट है। इसकी शुरुआत साल 1903 में हुई थी, इसलिए यह स्पेन का सबसे पुराना डोमेस्टिक टूर्नामेंट है। टूर्नामेंट स्पेन के सभी प्रोफेशनल क्लब को खेलने का मौका मिलता है। कुल 126 टीमों ने इस साल के टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

### इजरायल को आक्रामक हथियारों की आपूर्ति बंद करने का बाइडेन से आग्रह



वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी सहित 40 कांग्रेस सदस्यों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को एक संयुक्त पत्र लिखकर इजरायल को आक्रामक हथियारों की आपूर्ति रोकने की अपील की है। यह अपील गाजा पट्टी में वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के मानवीय काफिले पर एक घातक इजरायली हमले के बाद की गई है। पत्र में कहा गया है कि हम हाल ही में इजरायली हवाई हमले के बारे में अपनी साझा चिंता और आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं, जिसमें एक अमेरिकी नागरिक सहित सात वर्ल्ड सेंट्रल किचन सहायता कार्यकर्ता मारे गए। इस घटना के आलोक में, हम पूरी दृढ़ता के साथ आपसे आग्रह करते हैं कि आप इजरायल को एक नए हथियार पैकेज की आपूर्ति को अधिकृत करने के अपने हाल के निर्णय पर पुनर्विचार करें और हवाई हमले की जांच पूरी होने तक इसे और भविष्य में किसी भी आक्रामक हथियार की आपूर्ति बंद कर दें। पत्र में कहा गया है कि अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों ने वाशिंगटन से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है कि इजरायल को भविष्य में सैन्य आपूर्ति, जिसमें पहले से ही अधिकृत हस्तांतरण शामिल हैं, यह सुनिश्चित करने वाली शर्तों के अधीन हैं कि इसका उपयोग अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन में किया जा रहा है। पत्र में कहा गया कि हम आपसे इन आपूर्तियों को रोकने का भी आग्रह करते हैं अगर इजरायल गाजा में निर्दोष लोगों को पर्याप्त नुकसान में कमी लाने में विफल रहता है, जिसमें सहायता कार्यकर्ता भी शामिल हैं और अगर यह गाजा में मानवीय सहायता का परिवहन एवं वितरण को सुविधाजनक बनाने में विफल रहता है या प्रतिबंधित करता है।

# दिल्ली कैपिटल्स को हराकर मुंबई इंडियंस ने चखा जीत का स्वाद



मुम्बई। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, इशान किशन 42 रनों की बड़े स्कोर की नींव तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। 12वें ओवर में बुमराह ने पृथ्वी शॉ को बोल्ड आउट कर दिल्ली को दूसरा झटका दिया। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान ऋषभ पंत एक रन को कोएत्जी ने हार्दिके हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। ट्रिस्टन स्टब्स 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए नाबाद 71 रनों की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। स्टब्स एक छोर थामे खेड़े रही और दूसरे छोरे से बल्लेबाज लगातार आउट होते चले गये। अक्षर पटेल आठ रन बनाकर और जाय रिचर्डसन दो रन बनाकर आउट हुये। कुमार कुशाग्र बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी और मुकाबला 29 रन से हार गई। दिल्ली की यह पांच मैचों में चौथी हार है और वही अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई है।

मुम्बई की ओर से गेराल्ड कोएत्जी को चार विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिये। रोमारियो शेफर्ड ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, इशान किशन 42 रन और उसके बाद आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों तूफानी परियों के दम पर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 235 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की रोहित शर्मा और इशान किशन की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 80 रन जोड़े। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। हालांकि वह एक रन से अपने अर्धशतक से चूक गये। उन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड आउट किया। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है। शेफर्ड ने चौके और छक्कों की बारिश करते हुए आखिरी ओवर में 32 रन बनाये।

दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल और एनरिक नॉर्टजे ने दो-दो विकेट लिये। खलील अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच में भारत को 4-2 से हराया

पर्थ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को रविवार को हॉकी टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया के हाथों 4-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवर्ड ने छठे और 34 वें मिनट में तथा जैकब एंडरसन ने 42वें तथा नाथन एफ्राम्स ने 45वें मिनट में गोल किया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने नौवें मिनट में और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 30वें मिनट में एक-एक गोल किया।

खेल की शुरुआत में मेजबान टीम के जेरेमी हेवर्ड ने छठें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई। भारत ने जवाबी हमले किये और नौवें मिनट में जुगराज सिंह ने एक बेहतरीन पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोलकर भारत को 2-1 बढ़त दिला दी।

तीसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के जेरेमी हेवर्ड ने 34वें मिनट में अपनी टीम के लिए दूसरा गोलकर स्कोर को दो-दो से बराबर कर दिया। इसके बाद जैकब एंडरसन ने 42 वें गोलकर अपनी ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले नाथन एफ्रैम्स ने 45वें मिनट में गोलकर ने ऑस्ट्रेलिया को 4-2 जीत दिला दी।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे हो गया है।

### युकी-ओलिवेट्टी की जोड़ी मराकेश ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में

मराकेश (मोरक्को)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने दो घंटे चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता के लुकास मिडलन और ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एर्लर से होगा। भांबरी और ओलिवेट्टी ने दस एसेज लगाए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने तीन ही लगाए थे। भांबरी इस सीजन में पहली बार ओलिवेट्टी के साथ जोड़ी बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले वह हालैंड के रोबिन हास के साथ खेलते रहे हैं।

## मयंक की प्रभावशाली गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाज होते है असहज




लखनऊ। लखनऊ सुपरजॉयंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव अच्छी गति के साथ सही जगह गेंद डालकर विपक्षी टीम के बल्लेबाजों असहज कर देते है। मयंक यादव ने विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए सनसनी बने हुए है। उन्होंने इस आईपीएल के इस सत्र में लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड अपने नाम किए है। उनकी गेंदबाजी की हर कोई तारीफ कर रहा है और उनको भारतीय टीम में लेने की सुगबुगाहट शुरु हो गई।

मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में लखनऊ सुपर जॉयंट्स के कोच मॉर्ने मॉर्केल ने कहा, प्रबंधन और स्टॉफ के तौर पर हमारे लिए सबसे अहम है कि हम उन्हें किस तरह प्रभावी तरीके से मैनेज करते हैं। मैचों के दौरान उनके ऊपर जिस तरह का दबाव पड़ रहा है हमें उनकी रिकवरी पर ध्यान देना होगा और साथ ही उन्हें बताना होगा कि वह किस तरह चीजो को अपनाएं जो उनके हित में हों। कई बार वह बल्लेबाजो को असहज कर देते हैं और यही उन्हें अत्याधिक प्रभावशाली बनाता है। मॉर्केल ने मयंक को मैनेज करने पर कहा, मेरे लिए मयंक के साथ काम करना काफी आसान है क्योंकि उनकी गति स्वाभाविक है। उन्होंने अब तक खेले दोनों मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें अधिक से अधिक मैच खेलने का प्रयास करना होगा। पिछले सत्र में वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से वह चोटिल हो गए थे, लेकिन इस सत्र में उनके प्रदर्शन से पूरी टीम खुश है। उन्होंने कहा, ऐसा कोई कारण नहीं हो सकता कि वह भारतीय कैंप का हिस्सा ना बनें। जब मैं दक्षिण अफ्रीका के लिए खेल रहा था तो सबसे अच्छी बात यही थी कि युवा खिलाड़ी जल्दी टीम में आते थे और अलग-अलग देशों में जाकर अलग-अलग परिस्थितियों का अनुभव लेते थे। सालभर उनके प्रशिक्षण का स्तर भी काफी ऊंचा और अच्छा रहा।

# नियमों का पालन नहीं करते चीनी : मरियम

### पाक में हुए आतंकी हमलों पर कहा- चीनी इंजीनियर प्रोटोकॉल के नाम पर भड़क जाते हैं



लाहौर। पाकिस्तान में पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने कहा है कि देश में रह रहे चीनी नागरिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते हैं। लाहौर में एक हाई-लेवल कमेटी की बैठक में मरियम ने कहा, चीन के नागरिकों से जब सुरक्षा प्रोटोकॉल को मानने के लिए कहा जाता है तो वे भड़क जाते हैं। वे किसी भी तरह के अनुशासन का पालन करने में चिढ़चिढ़ाते हैं।

दरअसल, 25 मार्च को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चीन के इंजीनियरों पर हमला हुआ था। इस आत्मघाती हमले में 5 चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी।

जियो न्यूज के मुताबिक हमले के वक्त गाड़ी बिशम शहर से गुजर रही थी। पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने इसी सिलसिले में बैठक की।

#### चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए मरियम ने मीटिंग की

इसमें लाहौर के कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आमेर रजा और फौज के कई अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान मरियम ने आश्वासन दिलाया कि उनकी सरकार हर हाल में चीनी कामगारों की मदद करेगी।

साथ ही खैबर में हुए हमले की निंदा भी की।

मरियम ने कहा, आज आतंकी भी डिजिटलाइज्ड हो गए हैं। ऐसे में हमें उनसे आगे निकलने की जरूरत है। आतंकियों के पास नए जमाने की तकनीक और हथियार हैं। उनके पास अमेरिका के वो हथियार हैं जिन्हें वे अफगानिस्तान में छोड़ गए थे। अफगानिस्तान से आतंकियों तक पहुंच रहे ये हथियार हमारी पुलिस फोर्स और एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती हैं।

#### मरियम बोलीं- सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भर्ती कर रहे आतंकी

पंजाब की मुख्यमंत्री ने कहा, आतंकी अब युवाओं को भी चालाकी से अपने संगठनों में भर्ती कर रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। दूसरी तरफ, शुक्रवार को सामने आए एक स्टेटमेंट के मुताबिक, अब पीएम शहबाज शरीफ खुद चीनी नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ी बैठकों को रिव्यू करेंगे।

पाकिस्तान में कई बार चीनी नागरिकों को टारगेट करके आतंकी हमले होते रहे हैं। 26 मार्च को हुए अटैक में विस्फोटकों से भरे आतंकियों के वाहन ने इंजीनियरों की गाड़ी में टक्कर मार दी थी।

आतंकी हमले के घंटे भर बाद ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ इस्लामाबाद पहुंच गए थे और चीन के राजदूत से मुलाकात कर सफाई दी थी। शरीफ ने राजदूत को आश्वासन दिलाया था कि पाकिस्तान आतंकवाद के अंत तक इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।

### गुटेरेस क्विटो में मेक्सिको दूतावास पर इक्वाडोर पुलिस के हमले से चिंतित

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस क्विटो में मैक्सिकन दूतावास पर इक्वाडोर पुलिस के हमले से चिंतित हैं। गुटेरेस ने कहा कि राजनयिक और दूतावास परिसरों और कर्मियों की अनुल्लंघनीयता के सिद्धांत का सम्मान किया जाना चाहिए। दुजारिक ने शनिवार को प्रकाशित एक बयान में कहा,महासचिव क्विटो में मैक्सिकन दूतावास परिसर में इक्वाडोर के सुरक्षा बलों के जबरन प्रवेश से चिंतित हैं। वह राजनयिक और दूतावास परिसरों और कर्मियों की अनुल्लंघनीयता के मौलिक सिद्धांत की पुष्टि करते हैं, इस बात पर बल देते हैं कि इस सिद्धांत का सभी मामलों में अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार सम्मान किया जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि शनिवार रात इक्वाडोर पुलिस ने क्विटो स्थित मेक्सिकन दूतावास पर सशस्त्र वाहनों का उपयोग कर इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को गिरफ्तार कर लिया, जो राजनयिक मिशन में शरण लिए हुए थे। मेक्सिको ने क्विटो के साथ राजनयिक संबंधों को निलंबित करते हुए कहा कि इस कार्रवाई में मेक्सिकन राजनयिकों को चोटें आई हैं। बयान के अनुसार, श्री गुटेरेस ने कहा कि राजनयिक अनुल्लंघनीयता के सिद्धांत का उल्लंघन सामान्य अंतरराष्ट्रीय संबंधों को खतरे में डाल सकता है और उन्होंने इक्वाडोर और मैक्सिको से शांतिपूर्ण साधनों के माध्यम से अपने मतभेदों को हल करने का आह्वान किया।

### इजरायल कुछ फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा लौटने की अनुमति दे :अमेरिका

वाशिंगटन। दक्षिणी गाजा शहर राफा में आगामी इजरायली सैन्य अभियान की चिंताओं के बीच, बिडेन प्रशासन कुछ विस्थापित गाजा नागरिकों को एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति देने के लिए इजरायल पर दबाव बना रहा है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अधिकारियों के हवाले से दी। शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाल ही में आधे घंटे की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने इस मुद्दे पर काम करने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली नेता से एन्क्लेव में तत्काल युद्धविराम के लिए सहमति व्यक्त करने के साथ-साथ वार्ता करने वाली टीमों को इस मामले पर एक समझौते तक पहुंचने की अनुमति देने का भी आह्वान किया। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में नागरिकों के खतरे को समाप्त करने और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के जोखिमों को कम करने के लिए यहूदी राज्य द्वारा तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। श्री बिडेन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में गाजा पर वाशिंगटन की नीति इन मुद्दों पर इजरायली कार्रवाइयों से निर्धारित होगी। नेतन्याहू ने 22 मार्च को कहा था कि वह अभी भी राफा में प्रवेश करने के लिए दृढ़ हैं क्योंकि शेष हमास बलों को हराने का कोई अन्य तरीका नहीं है और कहा कि वह इसे अमेरिकी समर्थन के साथ या उसके बिना भी पूरा करेंगे।

# यूक्रेन की मिसाइलें खत्म हो रहीं : जेलेंस्की

### कहा- 25 अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की जरूरत



कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि देश के पास मौजूद मिसाइलें खत्म होने वाली हैं। उन्होंने कहा, अगर रूस लगातार यूक्रेन पर तेज हमले करता रहा तो हमारे पास मिसाइलें खत्म हो जाएंगी। रूस यह बात जानता है फिर भी हमला कर रहा है। हमारे पास अभी लड़ने के लिए मिसाइलें और ड्रोन हैं लेकिन ये जल्द खत्म हो जाएंगे।

रूस ने 6 अप्रैल की रात यूक्रेन के खार्कीव शहर पर हमला किया। 8 लोगों की मौत हो गई। रूसी सेना ने बम और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। हालांकि यूक्रेन ने दावा किया कि हमला ड्रोन से किया गया।

#### 10 लोग घायल हुए

खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि यहां रात भर मिसाइल हमले हुए, जिसमें 6 लोग मारे गए। वहीं कई लोग घायल हुए, जिसमें दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस बीच, खार्किव के मेयर इगोर तेरेखोव ने भी मौते के आंकड़े की पुष्टि की और कहा कि करीब 10 लोग घायल हुए हैं।

#### यूक्रेन बोला- रूस ने ईरानी ड्रोन से हमला किया

कतर के मीडिया हाउस अल जजीरा के मुताबिक, तेरेखोव ने कहा, हमले रेसिडेंशियल एरिया में किए गए। 9 इमारतों, 3 रेफ्यूजी कैंप शयनगृह, कई कारें तबाह हो गईं।

यूक्रेनी वायुसेना कमांडर के मुताबिक, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर ईरान में बने ड्रोन और छह मिसाइलें दागीं। लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशचुक ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन ने तीन क्रूज मिसाइल और 28 ड्रोन को मार गिराया।

#### जेलेंस्की बोले- यूक्रेन के हालात बिगड़ते जा रहे

जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि यूक्रेन सेना के पास मिसाइलें खत्म होने वाली हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सैनिकों को यह मुश्किल विकल्प चुनना पड़ रहा है कि किसकी रक्षा की जाए। हमें अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की जरूरत है।

### ऑस्ट्रेलिया के एनएसडब्ल्यू में भारी बारिश, बाढ़ से राज्य में काफी नुकसान

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य (एनएसडब्ल्यू) में भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ से राज्य में आवासों को बहुत नुकसान पहुंचा है। एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने रविवार सुबह एक बयान में कहा कि वह एनएसडब्ल्यू के दक्षिण-पूर्व में एक तटीय क्षेत्र इलवारा और उत्तरी सिडनी के समुद्र तटों में क्षति का आकलन कर रहा है और पाया है कि 20 संपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश के बाद कुछ आवास के छत क्षतिग्रस्त हो गये हैं। एसईएस, एनएसडब्ल्यू के एक शहर पेनरिथ के पश्चिम में और फिर हॉक्सबरी नेपियन नदी के साथ अन्य क्षेत्रों में नुकसान का भी आकलन करेगा। वक्तव्य के अनुसार, हॉक्सबरी नेपियन नदी प्रणाली के साथ नदी में बाढ़ आई है, एनएसडब्ल्यू के एक शहर नॉर्थ रिचमंड में भी बाढ़ आई है।

### पाक-ईरान गैस पाइपलाइन के 80 किमी खंड को पूरा करने का काम शुरू

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने ग्वादर से पाक-ईरान गैस पाइपलाइन के 80 किलोमीटर लंबे खंड के निर्माण का काम शुरू कर दिया है। यह निर्माण ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी द्वारा 22 अप्रैल को पाकिस्तान की संभावित यात्रा के मद्देनजर किया जा रहा है, जिससे इसको परियोजना के ईरानी खंड से जोड़ा जा सके। यह जानकारी जिओ न्यूज ने रविवार को दी। जिओ न्यूज ने ऊर्जा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि अंतर-राज्य गैस कंपनी (आईएसजीएस) ने पहले ही बहुप्रतीक्षित सलाहकारों द्वारा सर्वेक्षण और फ्रंट-एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (एफईईडी) के पुन्-सत्यापन की निविदाएं जारी कर दी हैं। द्विपक्षीय परियोजना के लिए यह विकास अमेरिका के स्पष्ट विरोध और संभावित प्रतिबंधों की चेतावनी के बीच हो रहा है, जिसमें लगभग एक दशक की देरी हुई है क्योंकि इसे दिसंबर 2014 में पूरा होना था और उसके बाद जनवरी 2015 में संचालित करना था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# हरियाणा को सरकार नहीं ठेकेदार चला रहे हैं, बीजेपी ने नौकरियों व ग्रामीण विकास को किया ठेकेदारों के हवाले

## विकास में नंबर वन रहे हरियाणा को बीजेपी ने बनाया 'गुंडा प्रदेश', 36 बिरादरी का भाईचारा कांग्रेस की जीत की गारंटी- हुड्डा

**ललित कुमार गोठवाल**

झज्जर। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि हरियाणा को सरकार नहीं बल्कि ठेकेदार चला रहे हैं। नौकरियों से लेकर गांव के विकास तक को इस सरकार ने ठेकेदारों के हवाले कर दिया है। ये देखकर बड़ा दुख होता है कि 2014 तक विकास में नंबर वन रहे हरियाणा को आज बढ़ते क्राइम के चलते 'गुंडा प्रदेश' कहकर बुलाया जाता है। हुड्डा बेरी में हुई जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली का आयोजन विधायक रघुबीर सिंह कादियान ने किया था।

इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि 2005 से लेकर 2014 तक जिस हरियाणा को कांग्रेस सरकार ने संवारा और विकास के हर पैमाने पर अव्वल बनाया था, उसको बीजेपी ने बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस बात का आभास खुद बीजेपी को भी है, इसलिए ठीक चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा बदल दिया गया है। लेकिन इससे अब कोई लाभ नहीं होने वाला। क्योंकि इस तरह के डमी मुख्यमंत्री का प्रयोग हरियाणा में पहले भी हो चुका है, जो नाकाम साबित हुआ था। हुड्डा ने कहा कि जनता सरकार की सच्चाई को समझ चुकी है और कांग्रेस को जीतने का मन बना चुकी है। 36 बिरादरी का भाईचारा कांग्रेस की जीत की गारंटी है। रोहतक से दीपेंद्र की जीत हरियाणा में कांग्रेस सरकार की नींव रखेगी।

हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम, 6 हजार रुपये बुढापा व विधवा पेंशन, किसानों को एमएसपी की गारंटी, 2 लाख सरकारी नौकरी, 300 यूनिट बिजली फ्री, 500 में गैस सिलेंडर व गरीबों को मुफ्ट प्लॉट-मकान देने का काम गारंटी के तौर पर किया जाएगा।

रैली को संबोधित करते हुए चौधरी उदयभान ने कहा कि कांग्रेस ने एक ऐसा मेनिफेस्टो जनता के सामने रखा है जो हर वर्ग के साथ न्याय करता है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए उनके खाते में सालाना एक लाख रुपये डालना, आशा वर्कर, मिड-डे मिल वर्कर्स की आमदनी दुगुनी करना, 30 लाख नौकरियां को 1 साल के भीतर




भरना और उसमें 50त्न महिलाओं को आरक्षण देने का ऐलान किया गया है। युवाओं को सशक्त करने के लिए एक लाख रुपये सालाना की अप्रेंटिस-शिप और बिना पेपर लीक व घोटाले के भर्ती करना कांग्रेस की प्राथमिक घोषणाओं में से एक है। किसानों को देश में पहली बार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का ऐलान किया गया है।

उदयभान ने कहा कि किसानों को सरकारी प्रताड़ना से बचाने के लिए उन पर दर्ज फर्जी मुकदमों को खत्म किया जाएगा। श्रमिकों को सशक्त करने के लिए व्यापक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाएंगी। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा और राजस्थान की कांग्रेस सरकार की तरह पूरे देश में 25 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की चिरंजीवी योजना शुरू की जाएगी।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पिछली बार बीजेपी भ्रामक प्रचार और अलोकतांत्रिक गतिविधियों को अपनाकर बेशक चुनाव जीत गई हो, लेकिन वह जनता का मन नहीं जीत पाई। क्योंकि सरकार ने हमेशा हर वर्ग को डंडे से हांकने की नीति अपनाई। बीजेपी ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, कच्चे कर्मचारी, सफाई कर्मी, मनरेगा कर्मी और पहलवान बेटियों समेत हर वर्ग का तिरस्कार किया।

इस सरकार ने प्रदेश में निवेश के माहौल को बिगाड़कर अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया। यहीं वजह है कि प्रदेश में आज बेरोजगारों की फौज खड़ी है। आज हरियाणा का युवा बेरोजगारी के ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां से कोई डिप्रेशन, कोई अपराध, कोई नशे तो कोई पलायन की तरफ जा रहा है।

अलग-अलग इलाकों में फिर से बदमाशों के ग्रुप सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में बीजेपी ने हरियाणा में ना कोई बड़ी यूनिवर्सिटी स्थापित की, ना कोई पावर प्लांट, ना कोई बड़ा संस्थान और ना ही कोई बड़ी परियोजना आई। सरकार ने एक इंच भी मेट्रो को आगे नहीं बढ़ाया और ना ही कोई नई रेलवे लाइन हरियाणा में लेकर आई। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए बीजेपी अब मुख्यमंत्री के बाद लोकसभा के उम्मीदवारों को भी बदलने की प्लानिंग कर रही है।


लेकिन कांग्रेस का दावा है कि वह जनता के सहयोग से सरकार को ही बदलने का काम करेगी।


इनके इलावा रैली को विधायक जगबीर सिंह मलिक, विधायक गीता भुक्कल, विधायक जयवीर वाल्मिकी, विधायक राव दान सिंह, विधायक शकुंतला खटक, विधायक कुलदीप वत्स, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, पूर्व मंत्री जगदीश यादव, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, पूर्व विधायक अनिता यादव, पूर्व सांसद सुशील इंदौरा, पूर्व विधायक चौ संत कुमार, पूर्व विधायक राधे श्याम शर्मा, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान, चक्रवर्ती शर्मा, कुलबीर हुड्डा, बलवंत बेनीवाल समेत पार्टी के नेताओं ने संबोधित किया।

इस मौके पर आज पूर्व विधायक डॉ वीरेंद्र पाल, मोहित चतर सिंह, बेरी से प्रत्याशी रहे अजय अहलावत और विजय, लेबर पार्टी के उम्मीदवार रहे सुरेंद्र यादव पालरा, उपप्रधान जॉनी, विजय शर्मा पूर्व प्रधान, प्रवीण सलूजा पार्षद, जितेंद्र पार्षद, जोगिंद्र उर्फ भुन्डू छारा, लाला चक्की वाला, प्रदीप फौजी बेरी, अशोक सरपंच, जीता प्रधान आदि नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

# 'अपनी बात' पुस्तक पर विविध विचारों का संकुल

**आदरणीय रविन्द्र लाल श्रीवास्तव जी द्वारा रचित आत्मकथात्मक पुस्तक *अपनी बात* में पूरी जीवन यात्रा का रोचक वर्णन है। गांव में बिताए गए पलों को पूरी इमानदारी से लिखा गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात रविन्द्र लाल श्रीवास्तव जी ने लगभग तीन सौ सालों की अपनी पूरी वंशावली को संजोकर रखा है, जो कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। बचपन की यादों में उन सभी मित्रों और गुरु जनों को उनके नाम सहित लिखा गया है, साथ ही साथ उस समय के ग्रामीण परिवेश का बड़े सुंदर ढंग से वर्णन किया गया है, जहां चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध न होने पर भी लोगों के आपसी सहयोग से कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला कायम रखते हुए उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। हम रविन्द्र लाल श्रीवास्तव जी को उनके इस लेखमाला के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में भी अच्छी रचनाएं, हम लोगों को पढ़ने को मिलेंगी।**
**सादर,**
**दीनानाथ श्रीवास्तव,**




अपनी बात पुस्तक श्री रविन्द्र लाल श्रीवास्तव की संस्मरणात्मक पुस्तक है। यह अभी तक दो खंडों में है। पहले खण्ड में उन्होंने अपने जीवन के विविध पहलुओं पर संस्मरण लिखा है। आज़मगढ़-मऊ जिले के बहुत सारे प्रसंग इसमें हैं तो दिल्ली के भी। परिवार के तो हैं ही।

पुस्तक के दूसरे खण्ड में उनकी पत्नी श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव के आलेख सम्मिलित हैं। ऊषा जी ने समाज, राजनीति, स्त्री, ब्युरोक्रेसी, पानी, सफाई, दिल्ली की स्थिति आदि अनेक प्रश्न अपने आलेखों में उठाये हैं। इस पुस्तक पर अनेक महत्त्वपूर्ण लोगों की टिप्पणियाँ आयी हैं। पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी, गोआ के पूर्व मुख्य सचिव, भारत सरकार के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी, मैथिली- भोजपुरी अकादमी, दिल्ली सरकार के पूर्व उपाध्यक्ष तथा स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के पूर्व कुलाधिपति डॉ गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव ने लिखा है-

ऊषा जी ने कितनी सरलता से अत्यंत उपयोगी बातें बताई हैं, अपने छोटे छोटे आलेखों द्वारा, जिनका उद्देश्य पाठकों को दैनिक जीवन में क्रियान्वित करने के लिये प्रेरित करना है।

साथ ही गलत बातों के लिए कटाक्ष करने से भी वे नहीं चूकी हैं। मुझे लगता है कि उनके प्रेरणा स्रोत आप ही रहे होंगे। जहाँ तक मैंने उन्हें जाना है, राजनीति में भी उनकी दिलचस्पी थी। संभवत: इस विषय पर भी उनके कुछ लेख आप को मिल जाएं। उसे भी हमारे सामने अवश्य लाएं। इस शृंखला की तीसरी कड़ी की प्रतीक्षा रहेगी।

पुस्तक पर प्रख्यात लेखक, मैथिली भोजपुरी अकादमी, दिल्ली सरकार के पूर्व सचिव तथा नव नालंदा सम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने बहुत आत्मीयता से लिखा है कि ये आलेख समय की नब्ज को अच्छी तरह से पकड़ते हैं।

पीपीगंज डिग्री कॉलेज, गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. स्वयं प्रकाश श्रीवास्तव ने लिखा है- अपनी बात आत्मकथात्मक विश्लेषण के रुप में बहुत अच्छी और रोचक कृति है। इसमें आदरणीय श्री रविन्द्र लाल श्रीवास्तव जी ने अपनी वंशावली से लेकर बचपन, शिक्षाकाल, सेवाकाल और प्रशासनिक कार्यवृत्त का इतने रोचक ढंग से वर्णन किया है कि पुस्तक पढ़ना प्रारंभ करने पर पूरा पढ़कर ही समाप्त करने का मन करता है। सचमुच आपका लेखन बहुत प्रभावित करने वाला है। इस अनूठी प्रतिभा के लिए आपको बहुत बहुत बधाई।

कादम्बिनी, साहित्य अमृत, गौरवशाली भारत आदि पत्रिकाओं की लेखिका श्रीमती माला श्रीवास्तव ने लिखा है -

श्री रविंद्र लाल श्रीवास्तव जी की पुस्तक अपनी बात यूँ तो व्यक्तिगत संस्मरणों का संकलन है किंतु शैली अत्यंत रोचक, भाषा सहज व प्रवाहपूर्ण है, इस कारण सभी पाठकों को अपनी अपनी स्मृतियों की वीथि में विचरण करने की सहज ही प्रेरणा देती है। लेखक को न केवल घटनाएं याद हैं वरन, तिथियाँ, बाल सहपाठियों के नाम, शिक्षकों के नाम, सभी कंठस्थ हैं जो आश्चर्य के साथ आनंदित करता है,

हम लोगों को यह पुस्तक विशेष प्रिय है क्योंकि यह हम लोगों की बहुत प्रिय स्नेहमयी दीदी व आदरणीय जीजा जी के जीवन से जुड़ी है, हमलोग भी इन संस्मरणों के साथ अपने को जुड़ा पाते हैं।

लेखिका की पुत्री तथा एक बैंक में उप महाप्रबंधक श्रीमती निधि चंद्रा ने लिखा है-

अपनी बात के दूसरे भाग में पिता जी ने, मम्मी द्वारा लिखे लेखों का संकलन किया है। मम्मी के विचारों की अभिव्यक्ति उनके सशक्त चरित्र को बहुत खूबी से दर्शाता है। इन लेखों को प्रकाशित करने का आपका विचार, आप दोनों के परस्पर प्रेम और आदर को व्यक्त करता है। आपने बड़े ही प्यार से फ़ोटो से हम सबकी बचपन की यादों को ताज़ा किया है। आप हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है आप से हम लोग सबल है।

पूर्व आईएफएस अधिकारी श्री दीनानाथ श्रीवास्तव ने पुस्तक की विशेषताओं को बताते हुए जो लिखा है, उसे बॉक्स में अलग से दिया जा रहा है।

# रेड हॉट अवतार में उर्वशी रौतेला का कातिलाना अंदाज



मुंबई (अनिल बेदाग)। उर्वशी रौतेला वर्तमान में देश की सबसे लोकप्रिय और प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। कई मिस यूनिवर्स जीतने से लेकर एक जज और फ्रंटलाइन बी-टाउन सुपरस्टार के रूप में लोगों का मार्गदर्शन करने और उन्हें तैयार करने तक, एक कलाकार के रूप में उर्वशी वास्तव में ताकत से ताकतवर हो गई हैं। एक सनसनीखेज अभिनेत्री होने के अलावा, जो हमेशा सही जगह पर अपना ध्यान केंद्रित करती है, उर्वशी रौतेला एक ऐसी अभिनेत्री भी हैं जिनका खेल के प्रति काफी झुकाव है। हमने अतीत में कई मौकों पर उन्हें टीम इंडिया का हौसला बढ़ाते देखा है और यह इस तथ्य को बताता है कि वह वास्तव में एक सच्ची क्रिकेट प्रेमी हैं। चाहे वह द्विपक्षीय श्रृंखला के खेल हों या विदेश में अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट, उर्वशी रौतेला हमेशा एक क्रिकेट प्रेमी रही हैं जिन्हें खेल पसंद है। खैर, सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लोग ही नहीं, यहां तक कि आईपीएल भी एक ऐसी चीज है जिसे उर्वशी रौतेला हमेशा से पसंद करती रही हैं और यही कारण है कि जब भी उन्हें अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय मिलता है, तो वह चीजों को पूरा करने की पूरी कोशिश करती हैं। यही कारण है कि उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी एक उमस भरी और खूबसूरत तस्वीर साझा की, जहां वह एक रानी की तरह कातिलाना अंदाज में नजर आ रही हैं। कैप्शन में वह लोगों से पूछ रही हैं कि क्या वे मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच कल के आईपीएल मैच के लिए उत्साहित हैं और यह पोस्ट हर किसी का दिल जीत रही है। वह मसालेदार लाल हॉट दिख रही हैं और हम इसे पसंद कर रहे हैं। वह वर्तमान में यो यो हनी सिंह के साथ लव डोज 2.0 के लिए पृथ्वी पर सभी प्यार का आनंद ले रही हैं, जो एक वैश्विक नंबर 1 ट्रेंडिंग गाना है। इसके बाद उनके पास जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) है जहां वह एक कॉलेज पॉलिटिशियन का किरदार निभा रही हैं। इन सबके अलावा, वैश्विक भारतीय सुपरस्टार उर्वशी रौतेला के पास अक्षय कुमार के साथ वेलकम 3, बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ एनबीके109, सनी देओल और संजय दत्त के साथ बाप (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) जैसे बड़े प्रोजेक्ट हैं। इंस्पेक्टर अविनाश 2, रणदीप हुडा, ब्लैक रोज़ के साथ। उर्वशी रौतेला एक अंतर्राष्ट्रीय संगीत वीडियो में भी दिखाई देंगी और अभिनेत्री एक आगामी बायोपिक में परवीन बाबी की भूमिका भी निभाएंगी। इसके साथ ही, उनके पास जेसन डेरुलो और कई अन्य लोगों के साथ एक बहुत ही खास संगीत वीडियो है।

# भारतीय हिन्दू परिषद के कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक, बैठक में मौजूद रहे राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी



सीतापुर। भारतीय हिन्दू परिषद के कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन भारतीय हिंदू परिषद के संस्थापक राष्ट्र प्रहरी पवनेश महराज की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मौजूद भारतीय हिंदू परिषद के संस्थापक राष्ट्र प्रहरी पवनेश महराज ने संगठन के विस्तार हेतु तमाम मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने 2024 में भारत देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भारतीय हिन्दू परिषद के सभी जिला अध्यक्षों व पदाधिकारियों से एकजुट होकर ताकत दिखाने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि भारतीय हिन्दू परिषद की मांगों पर जो दल खरा उतरेगा उसी दल को भारतीय हिन्दू परिषद का समस्त कार्यकर्ता समर्थन करेगा। भारतीय हिन्दू परिषद के संस्थापक राष्ट्र प्रहरी पवनेश महाराज संत प्रकोष्ठ ने अपनी मांगों को गिनाते हुए कहा कि जो दल सनातन आयोग के गठन व गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करेगा। उसी दल को भारतीय हिन्दू परिषद, साढे तीन लाख पदाधिकारियों के साथ समर्थन करेगा। गौ रक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगमोहन लाल मिश्रा सनातन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगों पर सहमति जताते हुए कहा भारतीय हिंदू परिषद संकल्प व्रत होकर समाज की सेवा करेगा। बैठक में लखीमपुर खीरी से भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य सुरेश चंद्र पुष्कर ने पहुंचकर भारतीय हिंदू परिषद के पदाधिकारी से आशीर्वाद लिया। बैठक के अवसर पर सनातन आर्मी के प्रदेश महामंत्री शिवांश अवस्थी मीडिया प्रभारी सनातन आर्मी रूपेश कुमार मिश्र, अनिल शुक्ला, आशीष पुष्कर, हरीश रावत, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, अभिचल मिश्र छात्र संघ के जिला उपाध्यक्ष सहित भारतीय हिन्दू परिषद के तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वयं का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। महरौनी, पुलिस, एस ओ जी व सर्विलांस व साइबर थाने की संयुक्त टीम द्वारा स्वयं का अपहरण कर 06 लाख रूपये की फिरौती मांगने, फिरौती न मिलने पर अपहर्त की हत्या कर देने की झूठी सूचना देने वाली घटना का 36 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण कर तीन अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण थाना महरौनी पुलिस द्वारा स्वयं का अपहरण कर 06 लाख रूपये की फिरौती मांगने तथा फिरौती न मिलने पर हत्या कर देने की झूठी सूचना देने वाले मनोज कुमार पुत्र बृन्दावन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हैडी थाना महरौनी, बलवान लोधी पुत्र रतन सिंह उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम लरगन थाना महरौनी को मुखबिर खास की सूचना पर खिरिया वाले पुल के पास खेत पर बहद ग्राम कुम्हैडी थाना महरौनी से गिरफ्तार किया।

# बादली विधायक कुलदीप वत्स ने बादली ग्राम में डोर टू डोर कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से जनसंपर्क किया



**ललित कुमार गोठवाल**

आज दिनांक 07/04/2024 को बादली विधायक कुलदीप वत्स द्वारा बादली विधानसभा के बादली ग्राम में डोर टू डोर कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से जनसंपर्क किया गया। यह बादली विधायक का लगातार दूसरा डोर टू डोर कार्यक्रम रहा। विधायक कुलदीप वत्स लगातार बादली के ग्रामीण जनता से मुलाकात करते हुए दिखाई दे रहे हैं।


कुलदीप वत्स कांग्रेस पार्टी के रोहतक से भाई भूपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए समर्थन मांगते हुए दिखाई दे रहे हैं। बादली में जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस पार्टी और कुलदीप वत्स को जनता का खूब समर्थक दिखाई दे रहा है।

कुलदीप वत्स जी के साथ साथ मा0 पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौ0 भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी के भतीजे हरेंद्र हुड्डा जी एवं कांग्रेस पार्टी के कई अन्य नेता भी इस यात्रा में पार्टी का प्रचार करते हुए दिखाई दिए। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थान सिंह उर्फ कोक्कल, धीरेंद्र गुलिया, रण सिंह, वेदपाल, श्रीओम, विष्णु, जय भगवान् ठेकेदार, छोटे लाल ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किया। इन लोगों को विधायक कुलदीप वत्स ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। भारतीय जनता पार्टी के जीतने कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए उनका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी किसानों के साथ बहुत गलत कर रही है यही वजह है कि उनको मजबूर होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करना पड़ा।

वहीं बादली के इस डोर टू डोर कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के नेता नरसिंह फौजी (बादली), मामन गुलिया (बादली), सोमबीर लोहचब (बुपनिया), मोटाकोच (लाड़पुर), सोमवीर गुलिया (बादली), कुलदीप लोहचब (बुपनिया), अरुण गुलिया, बब्लू (लाडपुर), चेतानांद बाढ़सा, ईश्वर वत्स जी, संदीप गुलिया (जाहिदपुर) भी मौजूद रहें।

# शार्ट न्यूज

## फिल्म क्रैक में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद अगली फ़िल्म बड़े मियां छोटे मियां के इंतज़ार में बिजय आनंद



**मुंबई ( अनिल बेदाग )** । बिजय आनंद वास्तव में एक मिशन पर निकले व्यक्ति हैं। उनमें फौलादी नसें हैं और उन्होंने निश्चित रूप से रिवर्स एजिंग की तकनीक में महारत हासिल कर ली है। यह सब उनकी अदम्य भावना और फिटनेस के प्रति जीवंत जुनून की बदौलत है। विद्युत जामवाल अभिनीत क्रैक में उनके बेदाग प्रदर्शन के लिए धन्यवाद, दर्शकों और आलोचकों द्वारा उनके प्रदर्शन और उनके द्वारा पेश किए गए मूल्य की सराहना की गई। बिजय आनंद अब अक्षय कुमार के साथ अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट यानी बड़े मियां छोटे मियां% का इंतजार कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि फिल्म से हम उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं, उत्साहित और सकारात्मक बिजय ने कहा, क्रैक वास्तव में एक अविश्वसनीय अनुभव था और इसने मुझे वो सब करने को मजबूर किया जो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कर पाऊंगा। यह केवल मेरी व्यक्तिगत प्रेरणा के साथ-साथ मेरे दर्शकों के प्यार और मेरे निर्देशक के विश्वास का मिश्रण है जिसने मुझे ऐसा करने पर मजबूर किया।

## सोलह अदद निर्मित/ अर्ध निर्मित तमंचों की बरामदगी के साथ अवैध शस्त्र फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने अवैध शस्त्र निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोक थाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के दिये गये निर्देश के अनुपालन में दिनांक 07अप्रैल 2024 को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिधौली आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना अटरिया पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डा फोड़ करते हुए अभियुक्त राजकुमार पुत्र रामेश्वर पासी निवासी ग्राम जजौर थाना अटरिया को मनवां ईदगाह के पीछे से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

## प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग आलोक कुमार ने सीतापुर मण्डी व गेहूं क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

सीतापुर। प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद द्वारा गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नीतीश कुमार सिंह, सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी लखनऊ सम्भाग लखनऊ, जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता उपस्थित रहें। प्रमुख सचिव द्वारा क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कृषकों की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। खाद्य विभाग के गेहूँ क्रय केन्द्र सीतापुर मण्डी प्रथम पर कृषक बसन्त सिंह, निवासी, ग्राम बम्हौरा, की तौल चल रही थी। प्रमुख सचिव द्वारा पूछे जाने पर कृषक द्वारा बताया गया कि क्रय केंद्र पर गेहूं विक्रय में कोई असुविधा नहीं हुयी तथा सुगमता से गेहूँ क्रय किया जा रहा है। मण्डी में उपस्थित कृषकों द्वारा औसत बाजार भाव अच्छा होने की बात कही गयी। प्रमुख सचिव द्वारा बताया गया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2275.00 प्रति कुन्तल व उतराई-छनाई-सफाई के मद में रू0 20.00 प्रति कुन्तल कुल रू0 2295.00 प्रति कुन्तल की दर से किसानों के खाते में 48 घंटे से पूर्व भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रयास किया जाये कि कम से कम समय में कृषकों को भुगतान प्राप्त हो सके।

## किसान ने सिपाही पर जबरन सुलह-समझौता कराने व धमकी देने का लगाया आरोप

सीतापुर। जनपद की कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के रहने वाले किसान ने सिपाही पर जबरन सुलह-समझौता कराने व धमकी देने का आरोप लगाया है। किसान ने उच्चाधिकारियों से सिपाही के द्वारा की गई अभद्रता की शिकायत की हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली महोली क्षेत्र के पकरिया गांव के रहने वाले भास्कर अवस्थी पुत्र बालकराम अवस्थी ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिख शिकायत करते हुए बताया कि उसका जमीन के बंटवारे को लेकर गांव के ही रहने वाले सुशील पांडेय से विवाद चल रहा है। जिसकी पक्की पैमाइश कराने के लिए भास्कर के परिजनों द्वारा वाद उपजिलाधिकारी न्यायालय में दाखिल किया गया हैं। जो कि सुनवाई हेतु प्रचलित हैं ।जिसका अभी तक निस्तारण नही हुआ है। आरोप है कि गांव के ही रहने वाले सुशील पांडेय द्वारा जबरन पेड़ को काटा जा रहा है। जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा सम्बंधित कोतवाली में की गई। शनिवार को पुलिस द्वारा दोनों पक्षो को बुलाया गया। जिसके बाद शिकायकर्ता पर जबरन सुलह-समझौता का दबाव कोतवाली में तैनात सिपाही अमित सिंह द्वारा किया जाने लगा। जब समझौता से शिकायत कर्ता ने मना किया तो सिपाही द्वारा पीड़ित को जेल भेजने की धमकी दी गयी। जिसके बाद पीड़ित भास्कर द्वारा उच्चाधिकारियों को पत्र लिख सिपाही के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई हैं।

## दो वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में , अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एंव क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो वारण्टी अभियुक्तों देशराज उर्फ बाबू पुत्र दशरथ पाठक निवासी नेहरू नगर थाना कोतवाली सम्बन्धित केश नं0 3613/16 धारा 41/411/413/414 भादवि , डोन पुत्र राजा यादव नि0 ग्राम मैलार थाना कोतवाली सम्बन्धित सत्र परीक्षण सं0 381/23 सरकार मीना बनाम राजाराम आदि धारा 395 भादवि को हिरासत पुलिस मे लिया गया ।

CMYK CMYK CMYK CMYK